सुविचार

जरूरी नहीं की अच्छी बातें करने वाला हर इंसान अच्छा हो, आज कल साजिश रचने वाले भी बहुत मीठा बोलते है।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ ।।

निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 | अंकः 27 | पेजः 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, शुक्रवार 25 अगस्त, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

# मोदी बोले-भारत लालफीताशाही से रेड-कार्पेट की ओर बढ़ गया

## जयपुर में जी-20 के मंच से पीएम ने की छोटे कारोबारियों और MSME के सहयोग की पैरवी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अब भारत लाल फीताशाही से रेड कार्पेट की ओर बढ़ गया है। भारत खुलेपन के अवसरों और नए विकल्पों के मेल के रूप में देखा जाता है। पिछले नौ साल के दौरान हमारे लगातार प्रयासों से भारत पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन गया है। पीएम ने ई कॉमर्स में इंटरनेशनल लेवल पर छोटे और बड़े कारोबारियों को बराबर अवसर देने की पैरवी की है। मोदी ने छोटे और मझोले उद्योगों को ज्यादा सहयोग देने का सुझाव दिया। पीएम गुरुवार को जयपुर में हो रही जी-20 व्यापार और निवेश मंत्रियों की बैठक को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। पीएम ने कहा कि यह क्षेत्र अपने गतिशील और उद्यमशील लोगों के लिए जाना जाता है। व्यापार ने विचारों, संस्कृतियों और तकनीक के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है। इतिहास गवाह है कि व्यापार लोगों को निकट लाया है। व्यापार और ग्लोबलाइजेशन ने करोड़ों



लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है।

### छोटे और मझोले उद्योगों को ज्यादा सहयोग करें जी-20 देश

मोदी ने कहा- वैश्विक अर्थव्यवस्था में एमएसएमई की प्रमुख भूमिका को देखते हुए उन पर अधिक ध्यान देना होगा। एमएसएमई 60 से 70 प्रतिशत रोजगार देते हैं और वैश्विक जीडीपी में 50 प्रतिशत का योगदान देते हैं। ऐसे में छोटे और मझोले उद्योगों को लगातार समर्थन देने की आवश्यकता है। छोटे और मझोले उद्योगों का सशक्तिकरण सामाजिक सशक्तिकरण में बदल जाता है। हमारे लिए एमएसएमई का अर्थ है- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को अधिकतम सहयोग। भारत ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म - सरकारी ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से एमएसएमई को सार्वजनिक खरीद से जोड़ा है और पर्यावरण पर जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट को अपनाने के लिए एमएसएमई क्षेत्र के साथ काम कर रहा है।

### ई कॉमर्स में छोटे और बड़े व्यापारियों को लेवल प्लेइंग फील्ड देना होगा

उन्होंने कहा- जी-20 व्यापार दस्तावेजों के डिजिटलाइजेशन के लिए हाई लेवल प्रोटोकॉल उच्च- पर काम कर रहा है। सीमा पार ई-कॉमर्स में कई चुनौतियां हैं। बड़े और छोटे विक्रेताओं के बीच समान प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से काम करना होगा। भारत डब्ल्यूटीओ के मूल में नियम-आधारित, खुली, समावेशी और बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में विश्वास करता है। भारत ने 12वें डब्ल्यूटीओ मंत्री स्तरीय सम्मेलन में ग्लोबल साउथ के हितों का पक्ष प्रस्तुत किया है, जहां सदस्य लाखों किसानों और छोटे व्यवसायों के हितों की सुरक्षा पर आम सहमति बनाने में सक्षम थे।

### 2014 में रिफॉर्म, परफॉर्म की यात्रा शुरू की

मोदी ने कहा- हमने 2014 में रिफॉर्म, परफॉर्म परिवर्तन की यात्रा शुरू की। भारत ने डिजिटलाइजेशन के विस्तार और इनोवेशन को बढ़ावा दिया है। माल ढुलाई के लिए हमने डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर और इंडस्ट्रियल एरिया बनाए हैं। हम लाल फीताशाही से रेड कार्पेट और उदार एफडीआई की ओर बढ़ गए हैं। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहल की और पॉलिसी लेवल पर भी स्थिरता लेकर आए। सरकार अगले कुछ सालों में भारत को तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कोविड ने वैश्विक अर्थव्यवस्था की परीक्षा ली

मोदी ने कहा- कोविड महामारी से लेकर जियो पॉलिटिकल टेंशन तक मौजूदा वैश्विक चुनौतियों दुनिया की अर्थव्यवस्था की परीक्षा ली है। जी-20 देशों के रूप में यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश में विश्वास बहाल करें। प्रधानमंत्री ने लचीली और समावेशी वैश्विक मूल्य श्रृंखला बनाने पर जोर दिया जो भविष्य की चुनौतियों का सामना करने पर सक्षम हो।प्रधानमंत्री ने कहा- व्यापार में बदलती हुई टेक्नोलॉजी की ताकत निर्विवाद है। जीएसटी की तरफ बढ़ना इसका एक उदाहरण है। जीएसटी से इंटर स्टेट व्यापार को बढ़ावा मिला साथ ही इंटीग्रेटेड बाजार बनाने में भी मदद मिली। डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क' एक गेम-चेंजर शुरूआत है। हमने पेमेंट सिस्टम के लिए अपने एकीकृत भुगतान इंटरफेस के साथ पहले ही ऐसा कर लिया है।

# दावेदारी कोई भी कर सकता है, टिकट उसे ही जो लोगों के दिलों पर राज करता है : डोटासरा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उदयपुर।** रंधावा ने कहा- क्या भाजपा परिवर्तन कर 200 यूनिट फ्री बिजली व सरचार्ज माफी की राशि लोगों से वसूलेगी। डोटासरा ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद जनता का कांग्रेस से जुड़ाव तेजी से बढ़ रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी के 9 साल के राज से लोग परेशान हो चुके हैं। इसमें मोदी सरकार द्वारा नोटबंदी-जीएसटी का लोगों पर थोपना और ईडी-इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करना शामिल है।

रंधावा ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा पर कहा कि क्या कांग्रेस सरकार ने 200 यूनिट बिजली और सरचार्ज माफ किया है तो क्या भाजपा परिवर्तन कर बिजली के बिल लोगों से फिर से वसूलेगी? परिवर्तन कांग्रेस सरकार ने कर दिया है।

एससी-एसटी के लोग कांग्रेस की बैक बोन हैं। रंधावा ने बेटे पर लगे मारपीट के आरोपों के सवाल पर कहा कि आप मुझसे पूछिए कि मणिपुर में क्या हो रहा है, आप पूछिए कि पाकिस्तान से हथियार कैसे आ रहे हैं? बच्चों की आपसी लड़ाई को इतनी क्या हवा देना? बचपन में सभी के बच्चे झगड़ जाते हैं। फिर भी पुलिस को बोल दिया है कि मेरे बेटे की गलती हो तो कार्रवाई की जाए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा गुरुवार को महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक होकर नाथद्वारा और रेलमगरा गए। डबोक एयरपोर्ट पर रंधावा ने मीडिया से कहा कि कांग्रेस चुनावी मोड़ में है। अगले माह सितंबर में कई सीटों पर टिकटों का ऐलान कर दिया जाएगा।डोटासरा ने उदयपुर शहर विधानसभा से बाहरी को टिकट देने के सवाल पर कहा है कि लोकतंत्र की खूबसूरती यही है कि कोई भी, कहीं से भी दावेदारी पेश कर सकता है। जो कांग्रेस से टिकट मांग रहा है, वह कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास करता है। टिकट उसी को मिलेगा, जो इलाके में जनता के सुख-दुख में भागीदार बनता है। हम इसी आधार पर टिकट की अनुशंसा करते हैं। टिकट उसी को मिलेगा, जो लोगों के दिलों पर राज करता है और पार्टी के लिए समर्पित भाव से काम करता है। विजन अच्छा होना चाहिए। प्रदेश को देश में नंबर-1 बनाना चाहते हैं। आगे का रोडमेप लेकर चलने वाला ही सफल होता है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार इसी विजन पर काम कर रही है। रंधावा और डोटासरा की एयरपोर्ट पर अगवानी करने राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो. गौरव वल्लभ, राज्यमंत्री दर्ज प्राप्त जगदीशराज श्रीमाली, प्रदेश प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष फतेह सिंह राठौड़, देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरूलाल चौधरी, देहात जिला कोषाध्यक्ष मोहनलाल औदिच्य, देहात जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गिरिराज भाणावत, महासचिव जग्गाराम पटेल पहुंचे।

# कांग्रेस सरकार दोहराएगी और राजस्थान के पुराने ट्रेंड को पूरी तरह बदल देगी: पायलट

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार दोहराएगी और राजस्थान के पुराने ट्रेंड को पूरी तरह बदल देगी।कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने गुरुवार को कहा कि बीजेपी केंद्र में सत्तारूढ़ और राजस्थान में विपक्षी पार्टी के रूप में विफल रही है। पायलट ने साथ ही कहा कि बीजेपी और कांग्रेस के बीच बारी-बारी से सत्ता बदलने का जो चलन है वह इस बार समाप्त हो जाएगा और उनकी पार्टी सत्ता में बरकरार रहेगी।



राज्य में बारी-बारी से कांग्रेस और बीजेपी की सरकार बनने की दशकों पुरानी परिपाटी का जिक्र करते हुए पायलट ने कहा, ह्यह्यपिछले पच्चीस-तीस साल से राज्य में पांच-पांच साल (की सत्ता) का क्रम चला आ रहा है। पांच साल कांग्रेस की सरकार बनती है, पांच साल बीजेपी की बनती है। मुझे ऐसा अहसास हो रहा है कि इस बार 2023 में इतिहास रचा जाएगा और पुनः कांग्रेस पार्टी की सरकार यहां बनेगी।ह्नह्न

सचिन पायलट ने अजमेर के मसूदा विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा में कहा कि बीजेपी को 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में दो बार भारी जनादेश मिला, लेकिन उसने मतदाताओं का भला नहीं किया। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनावों का 2024 के लोकसभा चुनावों के नतीजों पर बड़ा असर पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा, ह्लबीजेपी 9 साल से केंद्र में शासन कर रही है। लोगों ने उसे दो बार पूर्ण बहुमत दिया लेकिन पार्टी ने उन्हें धोखा दिया। हर वर्ग से वोट लेने के बाद सरकार ने उन्हें केवल दर्द और दुख ही दिया।"

### कृषि कानून पर भी बीजेपी पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता पायलट ने कहा कि केंद्र सरकार तीन 'काले' कृषि कानून लेकर आई, जिन्हें बड़ी संख्या में किसानों के विरोध प्रदर्शन के बाद वापस ले लिया गया। सत्तारूढ़ बीजेपी पर अपना हमला तेज करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि महंगाई आज आसमान छू रही है लेकिन केंद्र सरकार ने यह भी नहीं कहा कि इसे नियंत्रित करने के प्रयास किए जाएंगे।

### प्रदेश में बीजेपी नेता सो रहे हैं: सचिन

बीजेपी पर तंज मारने के साथ ही मनमोहन सिंह के कार्यकाल को याद करते हुए पायलट ने कहा, "बीजेपी नेता चुनाव से पहले आएंगे और मंदिर, मस्जिद, हिंदू, मुस्लिम के नाम पर वोट मांगेंगे। मनमोहन सिंह सरकार लोगों के कल्याण के लिए मनरेगा और योजनाएं लेकर आई थी। राजस्थान में बीजेपी नेता केवल सो रहे हैं। उनके केंद्रीय नेता दिल्ली से आते हैं और उन्हें जगाने की कोशिश करते हैं, लेकिन वे सो रहे हैं।"

# 48000 शिक्षकों को नियुक्ति जल्द, 26 को 75000 शिक्षक देंगे

## गुड टच बेड टच' की जानकारी


सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने प्रदेश में 48 हजार शिक्षकों को अगले महीने नियुक्ति देने के संकेत दिए हैं। उन्होंने राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल का परिणाम जारी करने के बाद यह जानकारी दी है। आगामी 26 अगस्त को स्कूलों में सुरक्षित स्कूल अभियान की जानकारी दी जाएगी।



शिक्षकों की नियुक्ति पर क्या बोले शिक्षा मंत्री बीडी कल्लाजयपुर। राजस्थान की सरकारी स्कूलों को जल्द ही 48 हजार नए शिक्षक मिल जाएंगे। लेवल-1 और लेवल-2 का परिणाम सितंबर में जारी कर चयनित शिक्षकों को नियुक्ति दी जाएगी। शिक्षा मंत्री डॉ बीडी कल्ला ने इसके संकेत दिए हैं। उन्होंने शिक्षा संकुल में गुरुवार को राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल का 10वीं और 12वीं का परिणाम जारी करने के बाद मीडिया से बातचीत में यह संकेत दिए हैं। शिक्षा मंत्री ने 10वीं और 12वीं कक्षा के टॉपर्स से बात कर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने कहा कि शिक्षा के लिहाज से राजस्थान देश में टॉप तीन राज्यों में शुमार है। इसके साथ ही उन्होंने महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षक लगाने और मिशन 2030 को लेकर विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने की भी बात कही। इस मौके पर स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव नवीन जैन ने सरकारी स्कूलों में चलाए जाने वाले सुरक्षित स्कूल अभियान की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 26 अगस्त को स्कूलों में बच्चों को प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा गुड टच बेड टच के बारे में जागरूक किया जाएगा।पढ़ेंः जोधपुरः टइअ इंजीनियरिंग कॉलेज को मिले 77 नए शिक्षक, छात्रों को मिलेगा शैक्षणिक लाभदुर्व्यवहार की घटनाओं पर अंकुश लगाना मकसदः स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव नवीन जैन ने कहा कि सभी स्कूलों में सुरक्षित स्कूल अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए 26 अगस्त को सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दी जाएगी। सरकारी स्कूलों के 75000 शिक्षकों को इसकी जिम्मेदारी दी है। हर स्कूल से एक शिक्षक को इस अभियान के तहत प्रशिक्षित किया जाएगा। फिर वे साथी शिक्षकों को और विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करेंगे। इस अभियान का मकसद स्कूलों में बढ़ती दुर्व्यवहार की घटनाओं पर लगाम लगाना है।पढ़ेंः नए अध्यापकों को नियुक्ति पत्र मिलने पर खिले चेहरे, छात्रों ने कहा- माता पिता का सपना हुआ पूरा।।टॉपर्स को मिलेगा मीरा और एकलव्य पुरस्कारः कक्षा 10 में बालिकाओं में जहाबिया रतलमवाला प्रथम और शारदा दूसरे स्थान पर रही। जबकि बालक वर्ग में पीराराम प्रजापति पहले और सुमित सोनी दूसरे स्थान पर रहे। जबकि कक्षा 12 में बालिका वर्ग में संगीता कुमावत पहले और निरमा दूसरे स्थान पर रही। जबकि बालक वर्ग में राहुल चौधरी और कन्हैयालाल भाटी दूसरे स्थान पर रहा। अव्वल रही बालिकाओं को मीरा और बालकों को एकलव्य पुरस्कार दिया जाएगा।

# इसरो ने जारी किया विक्रम लैंडर के लैंड होने से पहले का वीडियो, कहा- सारे सिस्टम सामान्य



सितारा न्यूज नेटवर्क

चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक लैंडिंग के एक दिन बाद गुरुवार को विक्रम लैंडर के पेलोड चालू कर दिए गए। रोवर गतिशीलता संचालन भी शुरू हो गया है। इस बारे में इसरो का कहना है कि सभी गतिविधियां तय समय पर हैं। सभी प्रणालियां सामान्य हैं।

विक्रम लैंडर के लैंड होने से पहले का वीडियोबेंगलुरुः भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को एक मिशन अपडेट में कहा कि चंद्रयान -3 की सभी गतिविधियां तय समय पर हैं और सभी प्रणालियां सामान्य हैं, यहां तक ?कि उसने बुधवार के टचडाउन से कुछ क्षण पहले चंद्रमा की सतह का एक वीडियो भी साझा किया। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक लैंडिंग के एक दिन बाद गुरुवार (24 अगस्त, 2023) को विक्रम लैंडर के पेलोड चालू कर दिए गए।इसके अलावा रोवर प्रज्ञान गतिशीलता संचालन भी शुरू हो गया है। इसरो ने गुरुवार शाम को ट्वीट किया कि सभी गतिविधियां निर्धारित समय पर हैं। सभी प्रणालियां सामान्य हैं।

इसने लैंडिंग से पहले अंतिम क्षणों का एक वीडियो भी साझा किया। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर वीडियो शेयर करते हुए कहा कि यहां बताया गया है कि लैंडर इमेजर कैमरे ने टचडाउन से ठीक पहले चंद्रमा की छवि कैसे खींची। बुधवार को, भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर अपना रोवर भेजने वाला पहला देश बन गया, जिसके बारे में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का मानना है कि पानी के निशान हो सकते हैं।

### जहां पर उतरना था, वहीं पर उतरा लैंडर, संभव है 14 दिन बाद भी काम कर सकेगा प्रज्ञान

चंद्रयान-3 ने बुधवार शाम 6।03 बजे चंद्रमा के अज्ञात दक्षिणी ध्रुव को छुआ। कोई भी देश खतरनाक दक्षिणी ध्रुव पर नहीं उतरा है, जिसके बारे में वैज्ञानिकों का मानना है कि यहां जमे हुए पानी और बहुमूल्य तत्वों के महत्वपूर्ण भंडार हो सकते हैं। रूस का दक्षिणी ध्रुव पर जाने वाला लूना-25 अंतरिक्ष यान रविवार को नियंत्रण से बाहर होकर चंद्रमा से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# पीएम मोदी ने शी जिनपिंग से कहा, 'भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने के लिए LAC का सम्मान जरूरी'

## पीएम नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर अनौपचारिक बातचीत की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15वें (ब्रिक्स) BRICS शिखर सम्मेलन के लिए दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर हैं। गुरुवार (24 अगस्त) को जोहान्सबर्ग में पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक दूसरे से बात करते नजर आए थे। दोनों नेताओं के बीच कोई औपचारिक बैठक नहीं हुई बल्कि दोनों नेता चलते-चलते एक दूसरे से बात कर रहे थे। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बताया कि ब्रिक्स से इतर पीएम मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बातचीत की है। दोनों नेता अपने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र तनाव कम करने के प्रयासों को तेज करने का निर्देश देने पर सहमत हुए।




**चीनी राष्ट्रपति को चिंताओं से अवगत कराया:** उन्होंने बताया कि पीएम ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को एलएसी पर अनसुलझे मुद्दों पर चिंताओं से अवगत कराया। पीएम ने इस दौरान कहा कि भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखना और एलएसी का सम्मान करना आवश्यक है।

**ब्रिक्स बिजनेस फोरम अहम है:** विनय क्वात्रा ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ब्रिक्स बिजनेस फोरम इंट्रा-ब्रिक्स साझेदारी के प्रमुख स्तंभों में से एक है। उन्होंने एक महत्वपूर्ण तत्व, लचीली और समावेशी आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने की आवश्यकता के बारे में बात की और इंट्रा-ब्रिक्स देश में आपसी विश्वास और पारदर्शिता के महत्व पर भी चर्चा हुई।

**इंडोनेशिया में भी हुई थी मुलाकात:** इससे पहले नवंबर 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया के बाली में इंडोनेशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो की ओर से आयोजित जी20 रात्रिभोज में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिले थे। ये भी अनौपचारिक मुलाकात थी। तब दोनों नेताओं ने एक-दूसरे का हाथ मिलाकर अभिवादन किया था। अप्रैल 2020 में पूर्वी लद्दाख में चीनी आर्मी और भारतीय सेना के बीच गतिरोध के बाद ये दोनों की पहली मुलाकात थी।

### दोनों देश के बीच कमांडर लेवल की बातचीत हुई

भारत और चीन ने 13 और 14 अगस्त को कोर कमांडर-स्तरीय वार्ता का 19वां दौर आयोजित किया, जिसमें पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक के गतिरोध वाले क्षेत्रों में लंबित मुद्दों को हल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस उच्च-स्तरीय वार्ता के नए दौर के कुछ दिनों बाद, दोनों सेनाओं के स्थानीय कमांडरों ने देपसांग और डेमचोक में मुद्दों को हल करने के लिए दो अलग-अलग स्थानों पर बैठकें की थी।

| पूर्वानुमान> | शुक्र | शनि | रवि | सोम |
|---|---|---|---|---|
| 27° अधिकतम> | 33°c | 32°c | 35°c | 33°c |
| न्यूनतम> | 25°c | 26°c | 25°c | 26°c |

# रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना ने पिनान व डोरोली के मध्य पैट्रोल पम्प का किया उद्घाटन





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर की राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र की पंचायत समिति के प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर ने गुरुवार को पिनान डोरोली के मध्य में स्व.भंवर सिंह नरुका (स्वतंत्रता सेनानी) के पेट्रोल पंप के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुआ। इस दौरान इनके साथ राजेंद्र सिंह प्रधान प्रतिनिधि राजगढ़ , जय प्रताप सिंह राजगढ़ प्रधान पुत्र , रोहतास शर्मा जिला परिषद सदस्य धौलान, रिंकू शर्मा सरपंच सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। मंच पर उपस्थित सभी लोगों ने प्रधान प्रतिनिधी माला व साफा पहनाकर मान सम्मान दिया उस के लिए सभी लोगों को बहुत बहुत बधाई व शुभकामनाऐ दी और प्रधान प्रतिनिधी मीना सभी का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। मिडिया को यह सारी जानकारी आरडी मीना बैरावण्डा के द्वारा दी गई है।

## चांद पर हुई जीत : राजकीय उपजिला अस्पताल बस्सी में मिठाई बांटकर चिकित्सकों ने मनाई खुशियां



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** बुधवार शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग हुई है। जिले के तमाम स्कूलों में लाइव प्रसारण दिखाया गया और शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक में निजी स्कूलों और सरकारी स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन हुआ और वहीं जिले में कई अन्य जगहों पर खुशियां मनाई गई। देश की इस ऐतिहासिक पल को राजकीय उपजिला अस्पताल बस्सी ने भी अस्पताल परिसर में मरीजों और समस्त स्टाफ को मिठाई और फल वितरण कर मनाया। इस दौरान अस्पताल के स्टाफ ने एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर देश के वैज्ञानिकों की प्रशंसा की और हिंदुस्तान जिंदाबाद और भारत माता की जय के जमकर नारे लगाए और इस दौरान अस्पताल प्रभारी डॉ.विजेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि आज भारत विश्व के उन चार देशों में शामिल हो गया है जो चांद पर पहुंचे हैं । यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस मौके पर डॉ विजेंद्र सिंह मीणा , डॉ संतोष बारवाल , डॉ मनोहर मीणा,डॉ जितेंद्र गुप्ता , डॉ नितिन जैन , डॉ रवि रावत , डॉ शंकर सिंघल , डॉ संतोष मोहन शर्मा , डॉ महावीर सिंह , डॉ रेवडमल मीणा , डॉ अनूप सिंह तंवर और नर्सिंग अधीक्षक हरिचरण मीणा सहित अस्पताल प्रशासन का सम्पूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

### इंडोनेशिया से लौटे स्काउट गाइड दल का किया स्वागत

## ब्यावर व भीलवाडा जिले के स्काउट गाइड ने इंडोनेशिया में लिया भाग



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**ब्यावर(अनिल सिखवाल।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के ब्यावर औ? भीलवाडा जिले की 5 गाइड व 1 स्काउट इंडोनेशिया में आयोजित होने वाली 12 वीं रोवर मुट में भाग लिया ।स्थानीय संघ जवाजा के सचिव सुरेश चन्द फुलवारी ने बताया कि 12वी राष्ट्रीय रोवर मुट जकार्ता, इंडोनेशिया में 14 अगस्त से 21 अगस्त तक आयोजित हुई।जिसमें ब्यावर व भीलवाडा जिले की 5 गाइड व 1 स्काउट ने भारत का प्रतिनिधित्व किया ।इस भारतीय दल का नेतृत्व भीलवाडा की गाइडर मंजू छिपा ने किया ब्यावर व भीलवाडा जिले के के स्काउट गाइड ने इंडोनेशिया में अपनी कला और संस्कृति का परिचय दिया ।और साथ अपने भारतीय व्यजनों का भी प्रदर्शन किया। स्थानीय संघ जवाजा के सचिव सुरेश चन्द फुलवारी और स्काउटर नरेन्द्र सिंह रावत ने दल के इंडोनेशिया से लौटने पर भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय नई डील में इन सभी स्काउट, गाइड एवं दल नेता का माला पहनाकर स्वागत किया।

बदनोर व आसीन्द कस्बे के सभी स्काउट व गाइड को इंडोनेशिया में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर स्थानीय संघ जवाजा के प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर ताराचंद जांगिड़ ,मोहन सिंह चौहान, बलराज सिंह राठौड़,मनीष जनागल, मुरली मनोहर जाटव, भूपेन्द्र कुमार,नरेन्द्र सिंह, रतन सिंह,मधुमती ,रूपकला शर्मा एवं राधा चौहान, बदनोर के सचिव बोयता राम बलई,कैलाश और मुबारक अली आदि ने शुभकामनाएं दीं।

## माधवानंद आश्रम में कन्याओं को कराया भोजन

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)।** कस्बे के राजपुरा मोहल्ले में स्थित माधवानंद आश्रम में गुरुवार को साध्वी विदुषी सरस्वती ने कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया। इस अवसर पर आश्रम साध्वी ने कन्याओं को तिलक कर दक्षिणा दी व उनको भोजन कराया। उसके बाद भक्तों ने पंगत प्रसादी ली। इस मौके पर भाजपा नेता गजेंद्र सिंह ज्ञानपुरिया, काना राम सैनी, कालू जोशी, रोहिताश सैनी, सुरेंद्र शर्मा, बिल्लू पारीक, राजू प्रजापत सहित अनेक लोग मौजूद थे।





## वर्तमान ग्लोबलाइजेशन के दौर में वृक्षारोपण एवं पौधारोपण आने वाले भविष्य में मील का पत्थर साबित होंगे : एसडीएम रामकिशोर मीणा

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**युवराज शर्मा / अलवर ।** उपखंड अधिकारी रामकिशोर मीणा ने कहा कि वृक्षारोपण कर हम पर्यावरण को जहां सुरक्षित रख सकते हैं वहीं संरक्षित रखने का काम भी कर सकते हैं। वर्तमान ग्लोबलाइजेशन के दौर में वृक्ष रोपण एवं पौधारोपण आने वाले भविष्य में मील का पत्थर साबित होंगे। एसडीएम मीणा आज नगर पालिका कोटकासिम द्वारा इग्री की ओर से 3 हजार वृक्षारोपण लक्ष्य को सार्थक करते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण एवं स्टाफ को संबोधित कर रहे थे ।उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल जैसी वैश्विक महामारी ने हमें पेड़ों का महत्व समझाया। इस अवसर पर तहसीलदार मुकेश वर्मा ,सूचना प्रबंधक महेंद्र मीणा, तकनीकी सहायक मनीष शर्मा, लेखाकार सुनीता चौधरी, सुषमा रानी, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राधेश्याम सेन मौजूद रहे।

### पाटन पंचायत के पात्र जनाधार लाभार्थियो को मिले निःशुल्क स्मार्टफोन

# पाटन सरपंच सरोज मीना ने भी पात्र लाभार्थियो को इन्दिरा गांधी स्मार्टफोन वितरण में किया सहयोग





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर मे गुरुवार को इन्दिरा गांधी स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम मे पाटन पंचायत के पात्र जनाधार परिवार के लाभार्थियो को स्मार्टफोन वितरण किए गए। इस कार्यक्रम मे रैणी प्रोग्रामर अरविन्द मीना आईटी विभाग की ओर से रैणी उपखण्ड अधिकारी व रैणी बीडीओ एवं रैणी तहसीलदार तथा शिक्षा विभाग व बीएसओ कार्यालय के कार्मिको से सहयोग लेते हुए सुचारू रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है इस कार्यक्रम मे राजीव गांधी युवा मित्र भी अपनी अहम भूमिका निभा रहे है।

गुरूवार को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम मे पाटन पंचायत सरपंच सरोज मीना ने भी लाभार्थियो को स्मार्टफोन दिलाने मे सहयोग किया। प्रोग्रामर अरविन्द कुमार मीना , राकेश कुमार बीएसओ कार्यालय , प्रकाश चन्द , सोनू भीमवाल राजीव गांधी युवा मित्र , कल्लु राम मीना (रैणी स्कूल) , सुरेन्द्र कुमार मीना (रैणी एसडीओ ऑफिस) तथा स्मार्टफोन की सिम कार्ड देने मे बिजेन्द्र कुमार शर्मा रैणी की टीम व फोन देने मे राजेश गोयल रैणी की टीम सक्रिय रूप से भूमिका निभा रही है। रैणी पुलिस प्रशासन भी शान्ति व्यवस्था बनाये रखने मे लगातार सहयोग दे रहा है। रैणी उपखण्ड मुख्यालय पर गुरुवार को 227 स्मार्टफोन वितरण किए गए जिसकी ऐवज मे अलवर जिले मे रैणी ब्लॉक स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम मे अलवर के बाद दूसरे स्थान पर रहा।

## पंचाग

दिनांक: 25 अगस्त 2023 शुक्रवार

विक्रम संवत2080 श्रावन शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | नवमी | 26:01:58 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | अनुराधा | 09:13:12 |
| योग | वैधृति | 18:48:59 |
| करण | बालव | 14:41:58 |
| करण | कौलव | 26:01:58 |
| चन्द्र राशि | वृश्चिक | |
| सूर्य राशि | सिंह | |
| दिशा शूल | पश्चिम | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:04:01 |
| सूर्यास्त | 18:53:37 | |
| चंद्रोदय | 13:57:38 | |
| चंद्रास्त | 24:24:10 | |
| राहू काल | 10:53 - 12:29 | |
| अभिजित | 12:03 - 12:55 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| चर | 06:04 - 07:40 | शुभ |
| लाभ | 07:40 - 09:16 | शुभ |
| अमृत | 09:16 - 10:53 | शुभ |
| शुभ | 12:29 - 14:05 | शुभ |
| चर | 17:17 - 18:54 | शुभ |



ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## योगा टीम को टी-शर्ट वितरित



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर ) ।** शहर के रेलवे स्टेशन रोड चौमूं पर योगा शिविर लगाने वाली टीम को ट्रस्ट द्वारा टी शर्ट वितरित की गई । इस मौके पर योगाचार्य रितेश भंडारी ने बताया कि ड्रेस कोड से टीम में अपनापन वफादारी समानता आत्मसम्मान और अनुशासन बना रहता है जिससे पूरी टीम को एक नई ऊर्जा मिलती है । इस मौके पर योगा टीम के सदस्य धर्मेंद्र बंजारा रतन कुमावत,पूरणमल सैनी ओम प्रकाश सोनी,संगीत यादव,योगेश प्रजापत महेश शर्मा,नवरत्न सोनी ,राम सिंह निठारवाल ,एडवोकेट आनंद हाडा सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## वकीलों ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**लक्ष्मणगढ़ में राजस्व अपील अधिकारी कोर्ट खुलवाने की मांग...**

लक्ष्मणगढ़। लक्ष्मणगढ़ में राजस्व अपील अधिकारी कोर्ट खुलवाने की मांग को लेकर अभिभाषक संघ लक्ष्मणगढ़ के द्वारा गुरुवार को अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट प्रहलाद चौधरी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी सुभाष यादव को ज्ञापन सौपा। जानकारी के अनुसार एसडीएम को सौपे गये ज्ञापन में बताया कि लक्ष्मणगढ़ उपखंड मुख्यालय से अलवर जिला मुख्यालय की दूरी 50 किलोमीटर है। राजस्व अपील के लिए पक्षकारों को 50 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।

पक्षकारों को लंबी दूरी तय कर-के अलवर जाना पड़ता है। न्याय प्राप्त करने के लिए पक्षकारों को आर्थिक व मानसिक नुकसान झेलना पड़ता है और न्याय प्राप्त करने में भी देरी होती है। गौरतलब है कि लक्ष्मणगढ़ तहसील अलवर जिले की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी तहसील है। जिसमें लक्ष्मणगढ़, गोविंदगढ़, कठूमर, खेड़ली उपखण्ड का परिक्षेत्र आता है। इनमें सबसे अधिक दूरी पर खेड़ली है जिसकी जिला मुख्यालय से 85 किलोमीटर दूर स्थित है। गौरतलब है कि लक्ष्मणगढ़ उपखंड गोविंदगढ़ व कठूमर उपखंड के बीचो-बीच में पड़ता है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से राजस्व अपील अधिकारी कोर्ट लक्ष्मणगढ़ में खुलवाने की मांग की। वहीं के ज्ञापन में बताया कि अगर सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तो आमजन के साथ धरना प्रदर्शन को मजबूर होना पड़ेगा।

## हनुमान मंदिर का ताला तोड़ दानपेटी में रखे पैसे और सामान चुरा ले गए बदमाश

**धौलपुर।** धौलपुर शहर के निहालगंज थाना इलाके में आईडीबीआई बैंक के बगल में स्थित हनुमान जी के मंदिर से बीती रात को अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर हजारों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

मंदिर पुजारी केशव देव ने बताया कि बुधवार शाम को वह मंदिर के दोनों ताले लगाकर गया था। गुरुवार सुबह करीब 6 बजे जाकर देखा तो मंदिर के दोनों ताले टूटे पड़े थे। मंदिर पुजारी ने बताया कि अज्ञात चोर मंदिर से दान पेटी और चांदी की गोमुखी आदि चोरी कर ले गए हैं। स्थानीय लोगों को जब घटना की सूचना हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी घटनास्थल पर पुलिस पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।




### गहलोत बोले-मैं खुद वित्त मंत्री, मेडिकल की फाइल नहीं रुकती:

# मिलकर कोरोना से लड़ सकते हैं तो 2025 तक प्रदेश को टीबी मुक्त भी बना सकते हैं: मुख्यमंत्री

**सितारा न्यूज नेटवर्क**





**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत ने कहा है कि जब हम मिलकर कोरोना को हरा सकते हैं तो 2025 तक राजस्थान को टीबी मुक्त बना सकते हैं। राजस्थान को टीबी मुक्त बनाना हमारा टारगेट है। जिस तरह प्रदेश में सभी ने मिलकर कोविड महामारी का सामना किया उसी तरह सभी को साथ लेकर प्रदेश को टीबीमुक्त बनाया जाएगा। मैंने कभी मेडिकल से जुड़ी फाइल नहीं रोकी, वित्त मंत्री मैं खुद हूं,कभी मेडिकल की फाइल नहीं रुकती। इससे आ समझ सकते हैं हमारी प्रायरिटी क्या है। राजस्थान शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में मॉडल स्टेट बन गया है।

गहलोत ने कहा- निरोगी राजस्थान के विजन को पूरा करने और साल 2030 तक राजस्थान को स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में नंबर वन राज्य बनाने के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। गहलोत सीएम निवास पर टीबी मुक्त राजस्थान सम्मेलन, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के सैकंड फेज और 104-108 एम्बुलेन्स सेवाओं के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे।

**दुनिया के 26 फीसदी टीबी मरीज भारत में और छह फीसदी राजस्थान में:** हर गांव में मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध करवाकर अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना हमारा कमिटमेंट है। टीबी एक घातक रोग है। टीबी रोगी का जीवन काफी कष्टदायक होता है। विश्व के 26 प्रतिशत टीबी के मरीज भारत में हैं और इनमें से छह फीसदी राजस्थान में हैं। ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने और पंचायत स्तर तक रोगियों को चिन्हित कर उपचार करने के लिए ह्यटीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियानह्य चलाया जा रहा है।

**7000 ग्राम पंचायतों में टीबी मुक्त पंचायत का दूसरा फेज:** गहलोत ने कहा- इस साल राज्य की ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए 7000 ग्राम पंचायतों में ह्यटीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियानह्य का दूसरा फैज शुरू किया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने ह्यम्हारे गांव टीबी न पसारे पांव, टीबी रोग जागरूकता पोस्टर और बुकलेट का विमोचन किया।

साल 2022 में टीबी उन्मूलन में बेहतर काम करने के लिनए बारां, भीलवाडा, जालोर और जैसलमेर को सिल्वर मेडल दिया गया है। बांसवाडा, चित्तौडगढ़, राजसमंद और उदयपुर जिले को ब्रॉन्ज मेडल दिया है। सीएम ने आठों जिलों के कलक्टरों को सम्मानित किया। 29 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों को भी सम्मानित किया गया।

**442 करोड़ रुपए के 224 कामों लोकार्पण-शिलान्यास:** सीएम अशोक गहलोत ने 442 करोड़ रुपए की लागत के 224 मेडिकल संस्थानों का लोकार्पण, शिलान्यास किया। गहलोत ने 122 करोड़ रुपए की लागत से बने 109 भवनों का लोकार्पण किया। 320 करोड़ रुपए की लागत के 115 मेडिकल संस्थानों का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 50 नई 108 एम्बुलेंस और 20 नई 104 जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

**राजस्थान स्वास्थ्य और शिक्षा में मॉडल स्टेट:** स्वास्थ्य और शिक्षा राज्य सरकार की मुख्य प्राथमिकताओं में है। उत्कृष्ट स्वास्थ्य और शिक्षा ढ़ांचे से ही अच्छा मानव संसाधन विकसित होता है। कानून बनाकर आमजन को स्वास्थ्य का अधिकार देने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है। स्वास्थ्य का अधिकार दिया गया है। प्रदेशवासियों को 25 लाख रुपये तक फ्री उपचार और 10 लाख का दुर्घटना बीमा दिया जा रहा है। राजस्थान में आईआईटी, आईआईएम, निफ्ट जैसे विश्व स्तरीय संस्थान खुले हैं। चार साल में 303 नए कॉलेज खोले गए हैं।

**अंगदान महाभियान में प्रदेश ने बनाया विश्व रिकॉर्ड:** कार्यक्रम में अंगदान महाभियान के तहत प्रदेश में 1.43 करोड़ से अधिक लोगों के अंगदान की शपथ लेने पर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन और ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड की ओर से सर्टिफिकेट दिया गया। इस दौरान सीएम गहलोत ने अंगदान महाभियान के दौरान सर्वाधिक अंगदान की शपथ लेने वाले जिलों के सीएमएचओ को सम्मानित किया।

#### स्टैंडअप इंडिया से दलितों को एक करोड़ तक का लोन

## भाजपा की आकांक्षी योजनाओं से दलित वोटर का मन भाजपा की ओर : मेघवाल



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** केन्द्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रभावी नीतियों का दलित वोट बैंक पर गहरा असर पडा है। ये बात हम नहीं कहते यह बात ह्यह्यदलित स्टडी सेंटरह्लह्ल कहता है। अपनी रिपोर्ट में इस सेंटर ने कहा है कि 2014 के लोकसभा चुनाव में 36 प्रतिशत दलित वोट प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व के चलते भाजपा को मिले। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में यह प्रतिशत 39 प्रतिशत हो गया। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि दलित समाज के वोटरों का भाजपा के समानता के भाव की नीति का गहरा असर हुआ है केन्द्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि भारत रत्न भीमराव अंबेडकर ने संविधान लागू होने के बाद कहा था कि हम एक विरोधाभासी क्षेत्र में कदम रख रहे हैं। जहां लोकतांत्रिक समानता वोट के आधार पर तो होगी और ह्यह्यएक वोट एक मूल्य होगाह्लह्ल लेकिन सामाजिक क्षेत्र में असमानता होगी। इसके बाद सवाल यह उठा कि इस सामाजिक असमानता को दूर कौन करेगा। 2014 में सत्ता में आते ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैंकेया नायडू की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई और इस दिशा में काम करना शुरू किया। इसके बाद सूदूर गांवो में बिजली की असमानता को दूर किया, पीएम आवास योजना में गरीबों को घर दिया, स्वच्छता अभियान के तहत 11.5 करोड शौचालय बनवाए। इसके बाद अनुसूचित जाति वर्ग के लोग कहने लगे कि मोदी सरकार ही बेहतर है। इसलिए मैं दावे से कह सकता हूं कि आगामी 2023 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में दलित समाज भाजपा के साथ रहेगा।


# प्रभारी को 6 कांग्रेस दावेदारों ने सौपे अपने बायोडाटा

***मंत्री लालचंद कटारिया सहित 6 ने दिखाई झोटवाड़ा विधानसभा से दावेदारी***

### लोगों का मानना था कि कृषि मंत्री कटारिया अबकी बार चुनाव नही लड़ेंगे पर प्रभारी को बायोडाटा सोपकर चुनाव नहीं लड़ने की अटकलों पर लगाया विराम: कार्यकताओं में छाई खुशी की लहर

**कटारिया जो अभी कृषि मंत्री है उनके अलावा 4 दावेदार ऐसे जो पिछले कई वर्षो से टिकट लेने की दौड़ में कर रहे हैं संघर्ष पार्टी हित में सदैव रहते तैयार**

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**जयपुर।** झोटवाड़ा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से 6 उम्मीदवारों ने दोनों ब्लॉक अध्यक्षों एवं झोटवाड़ा विधानसभा प्रभारी रघुवीर सिंह को बायोडाटा सौंपकर मजबूत दावेदारी की बात रखी है। विगत दो दिन के दौरान में कुल 6 कांग्रेस दावेदारों ने विधानसभा चुनाव लड़ने की मंसा जताई है जिसमें विधायक एवं कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, हरीश यादव राजेश चौधरी, मुकेश वर्मा जलखंन राठौड़ एवं शरलेश राणा ने झोटवाड़ा के दोनों ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कायथवाल एवं राजेश लांबा को झोटवाड़ा विधानसभा प्रभारी रघुवीर सिंह की मौजूदगी में अपना अपना आवेदन प्रस्तुत किया हैं। प्रभारी ने सभी आवेदनकर्ताओ और कार्यकताओं को एकजुट होकर चुनाव लडने की नसीहत दी पार्टी टिकट किसी एक को ही देंगी जिसे मिले उसको जिताओ और पुनः सरकार बनाओ यह लक्ष्य लेकर मैदान में उतरना है अब देखना यह होगा आलाकमान की मुहर किस उम्मीदवार पर लगती हैएम कृषि मंत्री लालचंद कटारिया जो कि मोदी लहर में भी जीत कर आये और पार्टी ने मंत्री बनाया इनके अलावा तीन कांग्रेस के ऐसे दावेदार हैं जो विगत कई वर्षों से लगातार टिकट की दौड़ में संघर्ष कर रहे हैं। परंतु इस बार कांग्रेस पार्टी जिताऊ प्रत्याशीयों पर ही दांव लगाएगी। राजस्थान कांग्रेस का प्रयास है कि राजस्थान में लगातार दूसरी बार सरकार बनाकर हर बार का सरकार बदलने का मिथक तोड़ा जाए। और दूसरी तरफ लंबे समय से कृषि मंत्री लालचंद कटारिया की चुनाव नहीं लड़ने की चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। जिसके चलते लालचंद कटारिया के शुभचिंतक में खुशी की लहर दौड़ गई। और कार्यालय पर कार्यकताओं ने कटारिया का स्वागत इस अहम निर्णय पर अभिनंदन स्वागत किया गया।

## आस-पास- सितारा

# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय में राजस्थान सरकार की सद्बुद्धि हेतु यज्ञ व पूर्ण कार्य बहिष्कार

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बुधवार को सद्बुद्धि यज्ञ किया व बृहस्पतिवार को पूर्ण कार्य बहिष्कार किया। ओल्ड पेंशन संयुक्त संघर्ष समिति, के तत्वावधान में गुरुवार को विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परीक्षा भवन के सामने ओल्ड पेंशन की विसंगति दूर करने और पेंशन का भार सरकार वहन करने की मांग को लेकर सद्बुद्धि यज्ञ पूर्ण विधि विधान से संपादित किया गया । सद्बुद्धि यज्ञ में डॉ. धर्मेश हरवानी एवं डॉ. ज्योति लखानी ने जोड़े से बैठ कर पूजा अर्चना की और विश्वविधालय के सभी शिक्षकों, अधिकारियो और कर्मचारियों ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ में आहुतियां दी। अब तक 02 घण्टे का कार्य बहिष्कार कर राज्य सरकार के कर्मचारियों के समान विश्वविद्यालय कार्मिकों के लिए भी बिना शर्त पुरानी पेंशन लागू करने के मांग करते हुए परीक्षा भवन से कुलपति सचिवालय तक रैली निकालकर प्रदर्शन किया तथा माननीय राज्यपाल एवम कुलाधिपति के नाम ज्ञापन कुलपति को दिया। संयुक्त समिति के सह संयोजक डॉ. आनन्दी लाल गढवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय कर्मचारियों द्वारा लगातार 15 दिनों से दो घण्टे कार्य बहिष्कार प्रदर्शन किया जा रहा है। राज्य सरकार के इस निर्णय से विश्वविद्यालय शिक्षकों एवं कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। सरकार की हठधर्मिता के कारण विश्वविद्यालय के शिक्षक अधिकारी एवं कर्मचारी ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर चिन्तित है। सद्बुद्धि यज्ञ और धरना प्रदर्शन में समिति संयोजक, प्रो॰ अनिल कुमार छंगाणी, प्रो॰ राजाराम चोयल, श्री कुलदीप जैन, डॉ. बिट्ठल बिस्सा, डॉ. गिरिराज हर्ष, डॉ. प्रकाश सारण, डॉ. गौतम मेघवंशी, डॉ. अनिल दुलार, डॉ. अभिषेक वशिष्ठ, डॉ. प्रभुदान चारण, डॉ. संतोष कंवर शेखावत, डॉ॰ प्रगति सोबती, श्री उमेश शर्मा, डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोदारा, श्री निर्मल भार्गव, सहित समस्त कार्मिक और विश्वविद्यालय के ओल्ड पेशन संयुक्त संघर्ष समिति पदाधिकारी सहित कर्मचारी उपस्थित रहें।

सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांगो पर ध्यान नही देने एवं समय पर उचित निर्णय नही लेने के कारण बीकानेर मुख्यालय स्थित राजकीय विश्वविद्यालयों के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिनांक 24 अगस्त, 2023 को महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी सहित राज्य की समस्त राजकीय विश्विद्यालय पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार करके बंद किया गया तथा शांतिपूर्ण धरना/प्रदर्शन किया गया ।

## जयपुर में बॉयफ्रेंड से आहत स्कूल छात्रा छत से कूदी

***इंस्टाग्राम पर नाम-धर्म बदलकर की थी दोस्ती, दिल्ली से मिलने आने पर लोगों ने पकड़ा***

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**करधनी।** जयपुर में धोखेबाज बॉयफ्रेंड से आहत होकर एक स्कूल छात्रा ने छत से छलांग लगा दी। घायल छात्रा का प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। इंस्टाग्राम पर नाम-धर्म बदलकर एक लड़के ने उससे दोस्ती की थी। दिल्ली से मिलने आए बॉयफ्रेंड को नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करते समय लोगों ने पकड़ लिया और जमकर पिटाई की। लोगों की पूछताछ में असलियत सामने आने पर छात्रा ने घर की छत से छलांग लगा दी। करधनी थाना पुलिस ने बुधवार शाम पॉक्सो एक्ट में आरोपी को अरेस्ट कर लिया।

करधनी एसएचओ उदय सिंह यादव ने बताया कि पॉक्सो एक्ट में नसरूल्लाह उर्फ इमरान (18) पुत्र मोहम्मद शोकत निवासी दरभंगा बिहार हाल रणजीत नगर, दिल्ली को अरेस्ट किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में उसके दिल्ली में रहकर पढ़ाई करना सामने आया है।

उन्होंने बताया- करधनी निवासी 15 साल की लड़की प्राइवेट स्कूल में 10वीं क्लास में पढ़ती है। कुछ दिनों पहले उसकी इंस्टाग्राम पर एक लड़के से दोस्ती हुई। दोस्ती करने वाले इमरान ने खुद का नाम रोहित ड्ट सिंह बनाकर चैटिंग शुरू कर दी। नाम-धर्म छिपाकर वॉटसऐप और इंस्टाग्राम पर बातचीत कर नाबालिग स्कूल छात्रा को फंसा लिया। मंगलवार को आरोपी नसरूल्लाह उर्फ इमरान उससे मिलने दिल्ली से जयपुर आया।

कॉलोनी में घूमते समय कर रहा था छेड़छाड़ जयपुर आने के बाद उसने नाबालिग गर्लफ्रेंड को मिलने के बहाने बुलाया। दोनों के बीच घर के आस-पास मिलना तय हुआ। शाम के समय आरोपी इमरान उससे मिलने पहुंचा। घर के आस-पास की कॉलोनियों में घूमते समय आरोपी इमरान उससे छेड़छाड़ करने लगा। नाबालिग लड़की के साथ गलत होता देख कॉलोनी के लोगों ने दोनों को रोक लिया।

कॉलोनी के लोगों ने पूछताछ करने पर आरोपी ने दोनों के दोस्त होने की बात कही। लड़के की बोली से शक होने पर लोगों ने उसका नाम-पता पूछा तो उसने खुद का नाम रोहित सिंह निवासी बिहार बताया। शक होने पर लोगों ने उसकी पिटाई कर सख्ती से पूछा तो उसने अपना नाम नसरूल्लाह उर्फ इमरान निवासी दिल्ली बताया। बॉयफ्रेंड के धोखा देकर नाम-धर्म छिपाने का पता चलने पर छात्रा दौड़ते अपने घर की छत पर गई और नीचे छलांग लगा दी। लोगों ने उसे तुरंत प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया। अधिक जानकारी में थानाधिकारी उदय सिंह यादव ने बताया कि सभी माता-पिता को समय-समय पर अपने बच्चों का ध्यान रखना चाहिए और मोबाइल पर वह क्या एक्टिविटी करते हैं उसका भी ध्यान रखना चाहिए। एक छोटी सी लापरवाही अपने बच्चों का जीवन खराब कर देती है इसीलिए में सभी लोगों को यही संदेश देना चाहूंगा कि समय-समय पर अपने बच्चों का ध्यान रखें और उन बच्चों को सोशल मीडिया से भी दूर रखें।

## शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में पधारने का दिया निमंत्रण





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**बांदीकुई/हेमंत शर्मा।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरदी चंद कोठोत्या के निर्देशन में 3 सितंबर 2023 को प्रातः 11:00 बजे गायत्री पैलेस, सोमनाथ चौराहा, आगरा रोड़, दौसा में होने वाले नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम को लेकर ग्रामीण दौरा किया गया जिनमें बांदीकुई ,बसवा, धपावन खुर्द, काटरवाड़ा, मैहलूनी, देलाड़ी, द्वारा पूरा ,श्याम सिंह पुरा, मीतरवाड़ी, आदि कई गांव में जाकर दौरा किया एवं समाज के लोगों से मिलकर कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रण दिया । ग्रामीण दौरा के अंतर्गत दौसा जिला अध्यक्ष घनश्याम भांडारेज, बसवा तहसील अध्यक्ष रामगोपाल खेड़ा बांदीकुई, तहसील अध्यक्ष पांचूराम शर्मा बस वाला, बांदीकुई तहसील महामंत्री बनवारी लाल शर्मा द्वारापूरा, बांदीकुई तहसील कोषाध्यक्ष एवं इकाई अध्यक्ष कमलेश भट्ट, जिला उपाध्यक्ष मुकेश देलाड़ी आदि कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा युवा नेता रामस्वरूप का जन्मदिन आज

***जन्मदिन पर कार्यकताओं का स्नेह मिलन सम्मान समारोह***

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**जयपुर।** जमवारामगढ़ क्षेत्र निवासी भाजपा युवा नेता पूर्व सरपंच रामस्वरूप मीणा जिलाध्यक्ष भाजपा एसटी मोर्चा जयपुर देहात उत्तर का जन्मदिन आज क्षेत्र स्थित निजी आवास पर मनाया जायेगा। जिसका स्नेहिल निमन्त्रण सभी कार्यकताओं को भेजा जा चुका है और इसी लक्ष्य बदलेगा जमवारामगढ़ यह संकल्प हमारा है रामस्वरूप ने बताया कि जन्मदिवस पर क्षेत्र के कार्यकताओं को स्नेह मिलन और सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। जिसमे कार्यकताओं को सम्मानित करते हुए जन्मदिन मनाया जायेगा। युवा टीम ने समस्त तैयारी करली है सुबह से लेकर रात कार्यकर्ताओ आना जाना लगा रहेगा क्षेत्र के विधानसभा चुनाव पर भी चर्चा होगी।

## पेंचिंग सिलाट वूमेन लीग विद्याधर नगर स्टेडियम में होगी आयोजित




**सितारा न्यूज नेटवर्क**


**जयपुर।** वूमेन पेंचिंग सिलाट लीग खेलो इंडिया के तत्वाधान में विद्याधर नगर इंडोर स्टेडियम जयपुर राजस्थान में 26, 27 अगस्त तक आयोजित होगी। इस लीग में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वूमेन भाग लेगी। सचिन पूरणमल जाट ने बताया कि खेलो इंडिया पेचिंग सिलाट लेग जो कि विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित होने जा रही है उसमें लीग में ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले और इस लीग को सफल बनाएं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# एससीओ के बाद ब्रिक्स में भारत के सधे कदम

भारत एक साथ दो ग्लोबल मंचों से भारतीय सोच और एजेंडे को आगे बढ़ा रहा है। भारत इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है, दूसरी तरफ इसी वर्ष भारत ने पहले एससीओ और अब ब्रिक्स की बैठक में शिरकत की है। इन ग्लोबल मंचों से जहां भारत भू-राजनीतिक संतुलन स्थापित कर रहा है, वहीं अपने सह-अस्तित्व व शांतिपूर्ण विकास और आतंकवाद मुक्त विश्व के ग्लोबल एजेंडे को भी सधे अंदाज में आगे बढ़ा रहा है। भारत को जब भी मौका मिलता है, ग्लोबल मंचों से वसुधैव कुटुंबकम की सोच को आगे बढ़ाता है, सभी देशों के विकास की कामना करता है, वैश्विक शांति की अपील करता है और आतंकवाद के खिलाफ विश्व को एकजुट होकर लड़ने का आह्वान करता है। आगे सितंबर में जी-20 का शिखर सम्मेलन होगा, जिसमें भारतीय एजेंडे- पर्यावरण की रक्षा, वैश्विक शांति, ग्लोबल ट्रेड, सह-अस्तित्व पर आधारित वैश्विक विकास, क्लीन एंड ग्रीन एनर्जी, आतंकवाद के खिलाफ एकजुट लड़ाई आदि पर वैश्विक सहमति बनाने की कोशिश होगी। अभी ब्रिक्स बैठक में भारत ने इसके विस्तार का समर्थन किया है। इससे पहले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में भी इसके विस्तार का भारत ने समर्थन किया था। खास बात है कि ब्रिक्स और एससीओ में चीन का दबदबा है और वह एक रणनीति के तहत इन संगठनों का विस्तार कर रहा है। अभी ब्रिक्स के विस्तार में छह देशों-अर्जेंटीना, मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात को शामिल होने का अवसर मिला है। इनमें बेशक ईरान, सऊदी अरब, मिस्त्र आदि देश से भारत के अच्छे संबंध हैं, लेकिन इन छह देशों के हाल के वर्षों में चीन के साथ मजबूत बॉन्डिंग बनी है। ऐसे ही एससीओ में भी ईरान समेत कई देशों को अवसर मिला है। चीन की कोशिश अमेरिकी नीति के विरोधी या उससे दूरी रखने वालु मुल्कों को अपने ग्लोबल मंचों में शामिल करने की रही है। वह इसमें सफल भी होता दिख रहा है। दक्षिण अफ्रीका में सम्मेलन शुरू होने से पहले ब्रिक्स के विस्तार को लेकर भारत ऊहापोह की स्थिति में था, चीन सधे हुए कदमों से अपने एजेंडे को आगे बढ़ा रहा था। सम्मेलन के समापन तक भारत ऊहापोह से बाहर निकलते हुए ब्रिक्स के विस्तार को समर्थन दिया। भारत ब्रिक्स की शक्ति से वाकिफ है और वह ग्लोबल सिनारियो को भी समझ रहा है। चीन की कूटनीतिक सफलता है कि ब्रिक्स के विस्तार की घोषणा भारत ने की। भारत संतुलन के साथ अपनी वैश्विक कूटनीति को आगे बढ़ा रहा है। एक तरफ अमेरिका, फ्रांस व जर्मनी के साथ अपने रिश्तों को आगे बढ़ा रहा है, तो दूसरी तरफ रूस, चीन और चीनी प्रभुत्व वाले एससीओ, ब्रिक्स जैसे वैश्विक मंचों के साथ संबंधों को मजबूत कर रहा है, तीसरी तरफ भारत विश्व के अनेक देशों के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत कर रहा है और आसियान, बिम्सटेक, सार्क, पूर्वी एशिया सहयोग संगठन जैसे मंचों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था व द्विध्रुवीय जियो पॉलिटिकल सिस्टम में भारत विश्व में सबके साथ संतुलित, स्वतंत्र और निष्पक्ष कूटनीति के साथ आगे बढ़ रहा है और अपना वैश्विक लक्ष्य हासिल कर रहा है। यूएन की सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता के लिए चीन को साधना जरूरी है। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद जियो राजनीति में भारत की साख मजबूत हुई है, अब भारत एक टॉप स्पेस पावर है। ग्लोबल मंचों पर हालांकि भारत को चीन से चौकन्ना भी रहना होगा और उससे सीमा विवाद सुलझाने के प्रति प्रयासरत भी रहना होगा।




कामयाबी
निरंकार सिंह

इसरो ने चांद के दक्षिणी ध्रुव के सबसे दुर्गम क्षेत्र में चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर को उतारकर नया इतिहास रच दिया है। अब भारत दुनिया का पहला देश बन गया है जिसने अपना अंतरिक्ष यान चांद की सतह के दक्षिणी ध्रुव के पास उतारा है। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन ने चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करवाई थी, लेकिन दक्षिणी ध्रुव पर नहीं। कुछ ही दिन पहले रूस ने लूना-25 को दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की कोशिश की थी, लेकिन उसका अंतरिक्ष यान नष्ट हो गया। ऐसे में भारत की इस सफलता से दुनिया में उसका नाम और दबदबा दोनों बढ़े हैं। लैंडर विक्रम से निकला रोवर प्रज्ञान चांद की सतह की 14 दिन तक जांच-पड़ताल करेगा।

# दुनिया में बजा भारत का डंका

इसरो ने चांद के दक्षिणी ध्रुव के सबसे दुर्गम क्षेत्र में चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर को उतारकर नया इतिहास रच दिया है। अब भारत दुनिया का पहला देश बन गया है जिसने अपना अंतरिक्ष यान चांद की सतह के दक्षिणी ध्रुव के पास उतारा है। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन ने चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करवाई थी, लेकिन दक्षिणी ध्रुव पर नहीं। कुछ ही दिन पहले रूस ने लूना-25 को दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की कोशिश की थी, लेकिन उसका अंतरिक्ष यान नष्ट हो गया। ऐसे में भारत की इस सफलता से दुनिया में उसका नाम और दबदबा दोनों बढ़े हैं। लैंडर विक्रम से निकला रोवर प्रज्ञान चांद की सतह की 14 दिन तक जांच-पड़ताल और प्रयोग करेगा। उसके आंकड़े ऑर्बिटल के माध्यम से इसरो को भेजेगा। चन्द्रयान-3 की सफलता तकनीकी क्षमता की दृष्टि से तो भारत की एक बड़ी सफलता है ही, लेकिन इसके और कई फायदे हैं। इसका रोवर प्रज्ञान चांद की चट्टानों को देखकर उनमें मैग्नीशियम, कैल्शियम और लोहे के अलावा कई दुर्लभ खनिजों को खोजने का प्रयास करेगा। चांद की सतह पर पानी, नमी और मिट्टी की रासायनिक जांच भी करेगा। पानी की मौजूदगी चांद पर इंसान को बसाने का द्वार भी खोलेगी। चांद पर हीलियम गैस की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी। इससे ऐसे बड़े खजाने की खोज हो सकती हैं, जिससे अगले 500 सालों तक ऊर्जा की जरूरतों को पूरा किया जा सकता है, बल्कि खरबों डॉलर की कमाई भी हो सकती है। इसके एक टन की कीमत 5 अरब डालर बताई जाती है। चन्द्रमा पर द्रव रूप में हीलियम के विशाल भंडार होने की संभावना है। चन्द्रमा से हीलियम धरती पर लाई जा सकती है। 14 जुलाई 2023 को श्रीहरिकोटा से रवाना होने के बाद चंद्रयान-3 ने तीन हफ्तों में कई चरणों को पार किया। पांच अगस्त को पहली बार चांद की कक्षा में दाखिल हुआ था। भारत के चंद्रयान-3 मिशन के लिए पिछले दिनों एक बड़ी खुशखबरी आई। चंद्रयान-3 के लैंडर और प्रॉपल्शन मॉड्यूल योजना के मुताबिक, दो टुकड़ों में टूटकर अलग-अलग चांद की यात्रा कर रहे हैं। इसी के साथ चंद्रयान-3 का लैंडर अब चांद के और करीब पहुंच गया है। इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के बारे ट्वीट कर बताया कि इस बीच, प्रॉपल्शन मॉड्यूल वर्तमान कक्षा में महीनों या वर्षों तक अपनी यात्रा जारी रख सकता है। प्रॉपल्शन मॉड्यूल में पृथ्वी के वायुमंडल का स्पेक्ट्रोस्कोपिक अध्ययन करने और पृथ्वी पर बादलों से ध्रुवीकरण में भिन्नता को मापने के लिए स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्री ऑफ हेबिटेवल प्लानेट अर्थ पेलोड लगा हुआ है। यह हमें इस बारे में जानकारी देगा कि चंद्रमा पर रहने योग्य क्षमता है या नहीं। इस पेलोड को यूआर राव सैटेलाइट सेंटर और इसरो, बेंगलुरु द्वारा आकार दिया गया है। मिशन के अगले पड़ाव में लैंडर मॉड्यूल को चांद की निचली कक्षा में पहुंचाया गया। इसरो ने लैंडर मॉड्यूल की तरफ से एक्स पर एक पोस्ट में चंद्रयान-3 की यात्रा को लेकर ट्वीट भी किया। इसमें लैंडर की तरफ से प्रॉपल्शन के लिए कहा गया- 'साथ में यात्रा के लिए शुक्रिया मित्र।' इसरो ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर चंद्रयान-3 के सफर



को लेकर यह जानकारी दी। इसरो ने बताया कि चंद्रयान-3 के चंद्रमा तक पहुंचने की सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई हैं। हमारी आशा के मुताबिक चंद्रमा की 153 किलोमीटर गुणा 163 किलोमीटर की कक्षा में चंद्रयान-3 स्थापित हो गया। चंद्रमा की सीमा में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी होगई। 17 अगस्त को प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर अलग हो गए हैं। मालूम हो, इसरो ने 14 जुलाई को प्रक्षेपण के बाद से तीन सप्ताह में चंद्रयान-3 को चंद्रमा की पांच से अधिक कक्षाओं में चरणबद्ध तरीके से स्थापित करने में सफलता हासिल की। एक अगस्त को यान को पृथ्वी की कक्षा से चंद्रमा की ओर सफलतापूर्वक भेजा गया था। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 तीन लाख किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय करते हुए चांद के करीब पहुंचा है और 23 अगस्त को उसका लैंडर विक्रम रोवर प्रज्ञान सहित चांद पर उतर गया। इस तरह से इसरो ने अंतरिक्ष में एक और इतिहास रचकर दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। भारत के इस महत्वाकांक्षी मिशन में केवल 615 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, जो देश के अंदर एक छोटा सा फ्लाईओवर निर्माण के खर्च के बराबर है। इतनी कम राशि में हमारा मिशन चांद के उस हिस्से पर पहुंचा, जहां दुनिया का कोई देश आज तक नहीं पहुंचा है। वैज्ञानिकों का दावा है कि वहां बर्फ जमी है और चंद्रयान-3 का मकसद वहां ऑक्सीजन और पानी की खोज है। यही मकसद रूस के लूना-25 का भी था, लेकिन वह चांद पर साफ्ट लैंडिग नहीं कर सका। 21 नवम्बर 1963 को केरल में तिरुअनंतपुरम के करीब थुंबा से पहले रॉकेट के लॉन्च के साथ भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम शुरू हुआ। यह रोचक बात है कि उस रॉकेट को लान्च पैड तक एक साइकिल से ले जाया गया था और उसे एक चर्च से लॉन्च किया गया। पूरी कहानी कुछ इस तरह है। नारियल के पेड़ों के बीच स्टेशन का पहला लॉन्च पैड था। एक स्थानीय कैथोलिक चर्च को वैज्ञानिकों के लिए मुख्य दफ्तर में बदला गया। बिशप हाउस को वर्कशॉप बना दिया गया। मवेशियों के रहने की जगह को प्रयोगशाला बनाया गया जहां अब्दुल कलाम आजाद जैसे युवा वैज्ञानिकों ने काम किया। इसके बाद रॉकेट को लॉन्च पैड तक साइकिल पर ले जाया गया। थोड़े समय बाद दूसरा रॉकेट लॉन्च किया गया। वह पहले वाले से थोड़ा भारी था। उसे बैलगाड़ी पर ले जाया गया था। 15 अगस्त 1969 को डॉ. विक्रम साराभाई ने इसरो की स्थापना की थी। इसका मकसद अंतरिक्ष शोध के क्षेत्र में काम करना था। एसएलवी-3 भारत का पहला स्वदेशी सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल था। डॉ. अब्दुल कलाम इस परियोजना के निदेशक थे। 40 सालों में इसरो का खर्च नासा के एक साल के बजट के आधे से भी कम रहा। चन्द्रमा पर इसरो के पहले मिशन चन्द्रयान-प्रथम पर करीब 390 करोड़ रुपये खर्च हुए जो नासा द्वारा इसी तरह के मिशन पर होने वाले खर्च के मुकाबले 8-9 गुना कम है।

अंतरिक्ष अनुसंधान तथा उपग्रह तकनीक के क्षेत्र में भारत का प्रवेश 19 अप्रैल 1975 को आर्यभट्ट नामक उपग्रह के सफल प्रक्षेपण के साथ हुआ। यद्यपि इस दिशा में पहला कदम 1962 में ही उठाया गया था और अब भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग में 'भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति' बनाई गई। 1963 में त्रिवेन्द्रम (केरल) के निकट थुम्बा में 'साउंडिंग' राकेट प्रेक्षण सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई। सन 1969 में बंगलौर में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के गठन के बाद इस दिशा में क्रान्ति आ गई। हमारा सफर आर्यभट्ट से प्रारंभ हुआ था और चन्द्रयान-3 तक पहुंच गए हैं। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डा. विक्रम साराभाई ने एक ऐसी टीम तैयार की कि एक के बाद एक अनेक प्रतिभाशाली वैज्ञानिक भारतीय इसरो को दूरदर्शी नेतृत्व प्रदान करते आ रहे हैं। प्रो. सतीश धवन, प्रो. यूआर राव, प्रो. कस्तूरीरंगन और श्रीजी. माधवन नैयर से लेकर एस सोमनाथ तक इसरो का लम्बा इतिहास है।

(लेखक हिन्दी विश्वकोश के पूर्व सहायक संपादक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित
दर्शन

**ओशो :** साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए।

## एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित
प्रेरणा

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

## सारा संसार



कांचीपुरम में स्थित चित्रगुप्त मंदिर हिंदू देवता चित्रगुप्त को समर्पित है। चित्रगुप्त को मृत्यु के देवता, यमराज के सहायक के रूप में भी जाना जाता है। मंदिर में आप पारंपरिक वास्तुकला का अद्भुत काम देख सकते हैं, जो दक्षिण भारत के अधिकांश मंदिरों में पाया जाता है।

ऐतिहासिक
योगेश कुमार गोयल



# चंद्रमा पर भारत का सूर्योदय

चंद्रयान-3 मिशन के जरिये इसरो ने अंतरिक्ष में इतिहास रच दिया है। इस ऐतिहासिक सफलता के बाद चांद पर भारतीय तिरंगा देख पूरी दुनिया भारतीय वैज्ञानिकों की प्रतिभा की कायल हो गई है। अब तक भारत के अलावा कोई भी देश चांद के दक्षिणी ध्रुव को नहीं छू सका है। भारत ने 14 जुलाई 2023 को दोपहर 2.30 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल मार्क-3 (जीएसएलवी-एमके-3) हैवी-लिफ्ट रॉकेट के जरिये चंद्रयान-3 मिशन लांच किया था और 41वें दिन यानी 23 अगस्त को शाम 5.47 बजे चांद के साउथ पोल पर सॉफ्ट लैंडिंग की योजना बनाई गई थी। जैसे ही चांद की सतह पर शाम 6.04 बजे कदम रखने के बाद चंद्रयान-3 ने संदेश भेजा 'मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गया हूं', हर देशवासी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर की मिशन लाइफ एक चंद्र दिवस की है, जो पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर की अवधि है, इसीलिए इसरो के डायरेक्टर एस. सोमनाथ के मुताबिक ये 14 दिन इसरो के बेहद महत्वपूर्ण हैं। सॉफ्ट-लैंडिंग कराने के लिए इसरो ने लैंडर में बड़े सुधार किए थे, जिनमें लैंडर के लिए मजबूत पैर, उच्च अवरोही वेग झेलने की क्षमता और इंजनों की संख्या को पांच से घटाकर चार करना शामिल थे। इसमें नए सेंसर भी जोड़े गए थे और प्रणोदक की मात्रा भी बढ़ाई गई थी। इसके सौर पैनल एक बड़े क्षेत्र को कवर करते हैं। यह जानना जरूरी है कि चंद्रयान-3 के लैंडर का नाम 'विक्रम' और रोवर का नाम 'प्रज्ञान' ही क्यों रखा गया? चंद्रयान-3 के लैंडर का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डा. विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। 'विक्रम' शब्द का अर्थ साहस और वीरता से भी जुड़ा है। प्रज्ञान का अर्थ है 'बुद्धिमता' और रोवर को इसीलिए यह नाम दिया गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि अपनी बुद्धि का प्रयोग करके रोवर ही चांद की सतह पर कई चीजों की जानकारी एकत्रित करेगा। विक्रम लैंडर पर चार पेलोड्स हैं रंभा, चास्टे, इल्सा, लेजर रेट्रोरिफ्लेक्टर एरे। रंभा चांद की सतह पर सूरज से आने वाले प्लाज्मा कणों के घनत्व, मात्रा और बदलाव की जांच करेगा। चास्टे चांद की सतह के तापमान की और इल्सा लैंडिंग साइट के आसपास भूकम्पीय गतिविधियों की जांच करेगा जबकि लेजर रेट्रोरिफ्लेक्टर एरे चांद के डायनेमिक्स को समझने का प्रयास करेगा। प्रज्ञान रोवर पर दो पेलोड्स हैं लेजर इंड्यूस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप तथा अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर। लेजर इंड्यूस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप चांद की सतह पर मौजूद रसायनों की मात्रा और गुणवत्ता का अध्ययन तथा खनिजों की खोज करेगा जबकि अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर एलिमेंट कंपोजिशन का अध्ययन करेगा। अब चंद्रयान-3 मिशन के जरिये तापीय चालकता तथा रेजोलिथ गुणों जैसे कारकों सहित दक्षिणी ध्रुव के पर्यावरण का विश्लेषण करके लैंडिंग साइट का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा। ये जानकारियां भविष्य के चंद्र मिशनों तथा संभावित मानव अन्वेषण के लिए बेहद महत्वपूर्ण होंगी। चंद्रयान-3 द्वारा चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की खोज से प्राप्त किया गया डेटा एवं निष्कर्ष वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय के लिए प्रासंगिक साबित होंगे, जिसके जरिये दुनियाभर के वैज्ञानिक चंद्रमा की भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं तथा उसके इतिहास की गहन समझ हासिल करने के लिए इन परिणामों का विश्लेषण और अध्ययन करेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती

**दहेज विरोधी कानून का हो उचित प्रयोग**


हाल ही में कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 498 का कुछ महिलाओं ने दुरुपयोग करके कानूनी आतंकवाद फैलाया है। यह धारा हमारे देश की सबसे बड़ी सामाजिक बुराई दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए कानून के जरिए प्रावधान है। दहेज विरोधी कानून का भी दुरुपयोग किया है, इस बात को तो सुप्रीम कोर्ट भी मान चुका है। दहेज का मतलब होता है बेटी को शादी के समय अपनी खुशी से कोई उपहार देना, भारत में यह प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है, लेकिन आधुनिक और भौतिकवाद के समय में आज कुछ लालची, नाकाम लोगों ने इसे कुप्रथा बना दिया है। दहेज के बहुत से रूप हैं– सोना, चांदी, गाड़ी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, और भी न जाने क्या कुछ।

*– मनोज चंद्रवंशी, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# उत्तर कोरिया का दूसरा प्रयास भी रहा विफल


उत्तर कोरिया ने गुरुवार को कहा कि जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण का उसका दूसरा प्रयास भी विफल रहा है, लेकिन उसने संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि वह अक्टूबर में फिर से कोशिश करेगा। उत्तर कोरिया का प्रक्षेपण विफल होने के तत्काल बाद पड़ोसी देश जापान ने 'जे-अलर्ट' जारी किया और अपने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा क्योंकि उत्तर कोरिया का रॉकेट उसके दक्षिणी द्वीप ओकिनावा के ऊपर से प्रशांत महासागर की ओर उड़ा। सरकारी समाचार समिति ने अपनी खबर में कहा कि उत्तर कोरिया की अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार उसने उपग्रह 'मालिगयोंग-1'को कक्षा में स्थापित कराने के लिए नए तरीके के करियर रॉकेट 'चोलिमा-1' का इस्तेमाल किया था। एजेंसी ने कहा कि रॉकेट की पहले और दूसरे चरण की उड़ानें सामान्य थीं लेकिन तीसरे चरण की उड़ान के दौरान आपात विस्फोट प्रणाली में खराबी आने के कारण प्रक्षेपण विफल रहा। राष्ट्रीय एयरो स्पेस विकास प्रशासन ने कहा कि बृहस्पतिवार के प्रक्षेपण में क्या कमियां रह गईं,इसका अध्ययन किया जाएगा और अक्टूबर में फिर से प्रक्षेपण का प्रयास किया जाएगा।



## ऑफ बीट

# अच्छा श्रोता होने का अर्थ है समानुभूति होना

समानुभूति का तात्पर्य यह है कि जब हम किसी अन्य व्यक्ति के दृष्टिकोण से दुनिया को समझने की कोशिश करते हैं तो उस वक्त हम क्या महसूस करते हैं। समानुभूति के बारे में आम गलतफहमियों में से एक यह है कि दूसरे व्यक्ति ने जो अनुभव किया है उसे समझने के लिए आपको उससे गुजरना होगा। दो लोग समान चुनौतियों और मुश्किलों से गुजर सकते हैं लेकिन हो सकता है कि उनका रवैया एकदम भिन्न हो। आपके अनुभव आपके लिए खास हो सकते हैं और कोई अन्य यह नहीं जान सकता कि आप क्या महसूस कर रहे हैं। कोई कैसा महसूस कर रहा है यह जानने का एकमात्र तरीका यही है कि उसे सुना जाए। तो आइए समानुभूति को अलग तरीके से समझते हैं। दुनिया को लेकर आपका खास नजरिया कल्पना कीजिए कि प्रत्येक शिशु एक लकड़ी का फ्रेम पकड़े पैदा हुआ है,जिसमें एक शीशा लगा है। जब वे दुनिया में किसी भी चीज को देखते हैं तो उसी शीशे के जरिए देखते हैं। ये शीशा पूरी तरह से साफ नहीं है। इसका रंग उड़ा हुआ है, इसपर कुछ चिपका हुआ है और ये उनके अनुवांशिकी तथा जीव विज्ञान के निशान हैं।




## ट्रेंड

### ब्रिक्स के विस्तार का समर्थन

ब्रिक्स की 15वीं वर्षगांठ के अवसर पर हमने इस मंच का विस्तार करने का निर्णय लिया है। भारत ने हमेशा इस विस्तार का पूरा समर्थन किया है। इस तरह का विस्तार ब्रिक्स को मजबूत और अधिक प्रभावी बनाएगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### गर्व महसूस कर रहा देश

1962 में शुरू हुए भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम ने चंद्रयान 3 के रूप में एक नई ऊंचाई तय की। पूरा देश इस गौरवशाली यात्रा पर गर्व महसूस कर रहा है। सभी देशवासियों के लिए खुशी का क्षण है। सभी वैज्ञानिकों व देशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव



### कैग कह रहे

क्या आपको पता है प्रधानमंत्री मोदी की लोधी वाली समिति सीसीईए ने 75 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण परियोजना में 15 करोड़ प्रति किलोमीटर की लागत लगभग 11 लाख करोड़ रुपये की योजना तैयार की है? ये उम्मीदवार नहीं कैग कह रहे हैं।

-संजय सिंह, आप सांसद



### वैज्ञानिकों को सलाम

हमारे वैज्ञानिकों और इसरो टीम के प्रतिभाशाली दिमाग को सलाम जिन्होंने चंद्रयान-3 को बड़ी सफलता दिलाई। यह सोचकर आपका दिल गर्व और खुशी से भर जाता है कि हमारा लैंडर चंद्रमा की परिक्रमा कर रहा है और अपना काम कर रहा है।

-संजय खान, अभिनेता



संपादकीय



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## आज जयपुर महारैली में जिले से बड़ी संख्या में नर्सेज लेंगे भाग

### चिकित्सालयों की व्यवस्था पर पड़ेगा विपरीत प्रभाव



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** नर्सेज ने अपनी 11 सूत्री मांगो को लेकर प्रदेशस्तरीय रैली में जिला चिकित्सालय से शत प्रतिशत नर्सेज के भाग लेने का हस्ताक्षर का पत्र पीएमओ डॉ समरवीर सिकरवार को सौंपा राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति शाखा धौलपुर के जिला संयोजक हरिशंकर शर्मा व अमृतलाल द्रोण ने बताया की कल 25 अगस्त को नर्सेज की 11 सूत्री मांगों को लेकर जयपुर में आयोजित रैली में जिला चिकित्सालय धौलपुर जिला चिकित्सालय बाड़ी जिले की सीएचसी बसेड़ी सरमथुरा मनियां सैंपऊ सहित समस्त सीएचसी तथा मरैना सरानीखेड़ा महू गुलावली तसीमो पचगांव अब्दलपुर कंचनपुर सहित समस्त पीएचसी एसडीएच राजाखेड़ा एनएमटीसी धौलपुर बीएससी नर्सिंग कॉलेज धौलपुर से समस्त एएनएम एलएचवी नर्सिंग ऑफिसर सीनियर नर्सिंग ऑफिसर व नर्सिंग छात्र सैकड़ों की संख्या में भाग लेंगे जिसे लेकर आज सभी चिकित्सा संस्थानों पर प्रभारियों को सामूहिक अवकाश का पत्र सौंपा जिससे जिला चिकित्सालय धौलपुर की चिकित्सा व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा और इस कारण जिला चिकित्सालय के कई वार्ड विभागों को बंद करना व मर्ज करना पड़ रहा है साथ ही जिले की समस्त चिकित्सा व्यवस्था पर बहुत की गहरा विपरीत प्रभाव पड़ना तय है सरकार की नर्सेज को नजरंदाजी की वजह से जनता को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है सरकार जल्द नर्सेज की मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही करे अन्यथा मजबूरन नर्सेज को अनिश्चितकालीन अवकाश का फैसला लेने पर विवश होना पड़ेगा आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा व लक्ष्मीकांत सिकरवार नीटू नर्सिंग ऑफिसर ने की इस मौके पर विकास त्यागी रविन्द्र सिंह त्यागी अजय पूनिया कोमल सिंह विनोद चौधरी मुकेश शर्मा शिवकुमार शर्मा विवेक मिश्रा रमेश सिकरवार जितेंद्र कुमार पूरन सिंह धर्मेंद्र सिंह सुरेश कुमार रामप्रकाश कैलाशी लाल रमाकांत परमार अमर सिंह त्यागी राधेश्याम इत्यादि बड़ी संख्या में नर्सेज मौजूद रहे।

## ब्यावर प्रधान डाकघर में हुआ डाकघर निर्यात केन्द्र का शुभारम्भ




सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)** ।प्रधान डाकघर में डाकघर निर्यात केन्द्र का शुभारम्भ किया यह डाक विभाग द्वारा लघु एवं स्थानीय उद्यमियों के लिये विशेष योजना है जिसमें वे अपनी फर्म का रजिस्ट्रेशन करवाकर घर बैठे विदेश हेतु आर्टिकल बुक कर सकते हैं। जिसका भुगतान भी ऑन लाइन माध्यम से किया जा सकता है। इस योजना हेतु मात्र विदेश को जाने वाले आर्टिकल ही बुक किये जायेंगे बुक किये गये आर्टिकल हेतु सीधे ही दिल्ली फॉरन पोस्ट ऑफिस का बैग बनाया जायेगा जिससे बुक किया गया आर्टिकल सीधे ही दिल्ली से अपने गन्तव्य को रवाना हो जाये और शीघ्र एवं सुरक्षित रूप से अपने गन्तव्य पर वितरित हो जाये।इस योजना में ब्यावर मण्डल के प्रथम ग्राहक के रूप में मै. स्टॉन वॉल्ट एक्सपोर्ट इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड फर्म में अपना पंजीकरण करवाया एवं प्रथम आर्टिकल बुक करवाया। इस अवसर पर उक्त कम्पनी के प्रतिनिधि के अतिरिक्त वी.एस.जैन, अधीक्षक डाकघर ब्यावर, वी.एल. मीणा, सहायक अधीक्षक डाकघर ब्यावर मुख्यालय, पीयूष बंसल, अजयकुमार एवं मीनाक्षी इत्यादि उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ता मतभेद भुलाकर आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी को जीत दिलाने में जुटे-विधायक अजय सिंह



सितारा न्यूज नेटवर्क

**लक्ष्मणगढ़।** भाजपा मण्डल लक्ष्मणगढ़ की एक बैठक गुरुवार को कस्बे के खण्डेलवाल धर्मशाला में मण्डल अध्यक्ष नरपत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रवासी विधायक अजय सिंह के साथ शिवलाल मीणा, सुनीता मीणा, ओमप्रकाश घेशल्या, राम सिंह दिनकर, रामावतार पांडे थे। बैठक के प्रारंभ में सभी अतिथियों द्वारा भारत माता एवं भाजपा के महापुरुषों के चित्रों पर दीपक प्रज्वलित किया। सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा बंधन कर स्वागत किया गया। वही अतिथियों ने आपसी मतभेद भुलाकर पार्टी के हित मे कार्य करने और चुनावों की तैयारियों में जुटने की बात कही तथा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कर विशेष चर्चा कर रणनीति तैयार की गई। बैठक में श्याम सुंदर मीणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वर नकडा, पूर्व जिला मंत्री मुकेश पटेल, भगवान सहाय गुप्ता पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दहेज की मांग, पत्नी को गर्म तलवार से कई जगह गोदा

**धौलपुर।** धौलपुर जिले के सरमथुरा क्षेत्र के हरलाल पुरा गांव में दहेज के लिए पति ने पत्नी को चारपाई से बांधकर उसके शरीर को कई जगह गर्म तलवार से दाग दिया। महिला जान बचाकर पड़ोसियों के घर पहुंची, जहां पड़ोसियों ने महिला के पीहर पक्ष को सूचना देकर बुला लिया। सूचना पर पीहर पक्ष के लोग महिला को घायल हालत में लेकर बाड़ी अस्पताल पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है। पीड़िता रूबी पुत्री भगवान सिंह उम्र करीब 34 ने बताया 15 साल पहले उसकी शादी हरलाल का पुरा गांव में रहने वाले गोरेलाल के साथ हुई थी।

### बिजली की कटौती व बढे हुए बिलों से आमजन परेशान

# महँगी बिजली खरीद कर सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है: देवीशंकर भूतड़ा

### विधानसभा में सरप्लस बिजली बताने वाले अब कमी क्यों बता रहे है: भूतड़ा





सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** बिजली की अघोषित कटौती, 8-8 घण्टे बिजली की कटौती, बिजली बिलों में भारी धांधलियों को लेकर ब्यावर भाजपा ने अजमेर देहात जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा के नेतृत्व में छावनी पावर हाउस पर काले झंडो के साथ प्रदर्शन कर रोष व्यक्त करते हुए कांग्रेस की गहलोत सरकार के खिलाफ नारेबाजी की जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की गहलोत सरकार ने विधानसभा में बढ़ी-बढ़ी हाँकते हुए कहा था कि 23309 मेगावाट बिजली के साथ राजस्थान बिजली में सर प्लस राज्य बन गया है। सरकार ने जनता को 100 यूनिट मुफ्त बिजली और फ्यूल चार्ज से मुक्त करने का वादा भी किया था। जबकि प्रदेश में आज हालात यह है कि शहरी क्षेत्र में 5 से 6 घंटे तक बिजली कटौती तो ग्रामीण क्षेत्र में 9 से 10 घंटे बिजली कटौती जारी है। एक तरफ सारा बिजली तंत्र ठप हो गया है वहीं दूसरी तरफ बिजली विभाग की सबसे मजबूत कड़ी कनिष्ठ अभियंता हड़ताल पर है। बिजली संकट गहराने के बाद सरकार कह रही है कि हम महंगी बिजली खरीदेंगे पूर्व में भी सरकार ने खुद के थर्मल पावर प्लांट बंद करके महंगी बिजली खरीदी थी जबकि राजस्थान में सरकार ने खुद के सात थर्मल प्लांट पावर है जिनकी क्षमता 2740 मेगावाट बिजली उत्पादन की है। इन सभी थर्मल पावर प्लांट कोयले की कमी ओर गुणवत्ता व रख रखाव के नाम पर बंद कर रखा है। कोयले की कमी बात कर महंगी बिजली खरीद कर संस्थागत भ्रष्टाचार को अंजाम दे रही है और आम उपभोक्ताओं को बिजली मुफ्त में देने की बात करने वाले मुख्यमंत्री पीछे के दरवाजे से अनेक प्रकार के चार्ज लगाकर जनता के हाथ में बड़े हुए बिल थमा कर करंट दे रहे है। प्रदेश में अंधेरी नगरी चौपट राजा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। साफ दिख रहा है कि सरकार की कथनी और करनी में मोटा फर्क है। वर्षा नही होने व बिजली की कटौती से किसान परेशान है फसलें सूख रही है। कांग्रेस सरकार किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर रही है जिसे बर्दाश्त नही किया जाएगा उक्त अवसर पर जिला महामंत्री पवन जैन, मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र कावड़िया, सन्तोष जाग्रत, शिव प्रकाश सामरिया, मुकेश घावरी, सत्येंद्र यादव, यज्ञेश शर्मा, हिमांशु शर्मा, प्रकाश माली, देवकीनंदन शर्मा, दीपक चौहान, लोकेन्द्र सिंह, पुष्पा आसवानी, कंचन रावत, मनप्रीत हुडा, देवकीनंदन शर्मा, बुद्धराज शर्मा, रणजीत सांखला सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## देव दर्शन यात्रा 16 से, देव दर्शन यात्रा के पोस्टर का हुआ विमोचन

सितारा न्यूज नेटवर्क



**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** ॐ श्री हरि कृपा संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में 16 से 22 सितंबर तक प्रस्तावित देव दर्शन यात्रा कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन गुरुवार को महामंडलेश्वर प्रेमदास जी महाराज खेड़ापति बालाजी सामोद के चरणानुरागी वैष्णव विरक्त संत रामचरण दास महाराज, गढ गणेश मंदिर सेवक बालकृष्ण शर्मा एवं भृतहरी महाराज के अन्यय भक्त मुरारीलाल शर्मा टहला तालाब वाले द्वारा किया गया। इस देव दर्शन यात्रा के माध्यम से देश और दुनिया की संस्कृति एवं सभ्यता को जानने का मौका मिलेगा। देव दर्शन यात्रा में ऋषदेव दर्शन, अक्षर धाम, नागेश्वर 'ज्योतिर्लिंग, भेंट द्वारिका, द्वारिका धाम सप्तपुरी, पोरबंदर गांधी की जन्मस्थली, सुदामा मंदिर, सोमनाथ बेरावल, सोमनाथ 'ज्योतिर्लिंग जैसे दर्शनीय स्थल की यात्रा शामिल होगी । इस मौके पर बी एल भंण्डारी, मनीष शर्मा, रामबिहारी वशिष्ठ, सोनू सैनी, प्रेम तम्बोली सहित अनेक लोग उपस्थित रहे ।

## अल्पसंख्यक मामलात विभाग के शासन सचिव ने ली विजन-2030 को लेकर बैठक

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच के अनुरूप राज्य के लिए ह्यविजन डॉक्यूमेंट 2030ह्य तैयार करने के लिए अल्पसंख्यक मामलात विभाग के शाशन सचिव कृष्ण कुणाल ने अल्पसंख्यक मामलात निदेशालय के अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परामर्श में सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व एवं सहभागिता सुनिश्चित कर अधिक से अधिक प्रतिभागियों को सम्मिलित किया जाए एवं इनके सुझाव आमंत्रित किए जाएं। साथ ही विभागीय उपलब्धियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि सभी गतिविधियों का पूर्ण डॉक्यूमेंटेशन किया जाना है। उन्होंने सभी हितधारकों से प्राप्त सलाह और सुझावों का संकलन कर निर्धारित फॉर्मेट में भिजवाने के निर्देश दिए। इस दौरान अल्पसंख्यक मामलात विभाग के निदेशक जमील अहमद कुरैशी, नोडल अधिकारी डॉ. महमूद अली खान एवं विभागीय प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य सुशील कुमार उपस्थित रहे।

### 1 सितम्बर को खेलेगी जिला स्तर पर

## ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कुरड़ायां प्रथम महिला टीम बनी



सितारा न्यूज नेटवर्क

**मेड़ता सिटी।** राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल ब्लॉक मेड़ता सिटी में 17 अगस्त से 22 अगस्त तक आयोजित हुआ जिसके बाद समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा, अध्यक्षता तहसीलदार भागीरथ चौधरी, आयोजन सचिव विकास अधिकारी भंवर लाल गोदारा, पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस जगदीश नारायण शर्मा, ब्लॉक जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्द राम बेड़ा, इस आयोजन प्रभारी बाबूलाल डूकिया पीसीसी सदस्य नंदाराम मेहरिया, अध्यक्ष युवा कांग्रेस मेड़ता, दतानी सरपंच गोविंद राम सिरोही , पूर्व वन अधिकारी दौलत राम गोदारा इत्यादि के अथितिय में हुआ इस ग्रामीण ओलम्पिक महिला कब्बड़ी खेल में कुरडाया की टीम ने फाइनल मैच में टुंकलिया को 17/85 हराकर फाइनल मैच जीतकर ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया इस महिला कब्बड़ी टीम में रामभजीया माकड़ ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और बेस्ट ऑफ टूनामेंट रही इस से पहले पुंदलू, से रोमांच क्वाटर फाइनल मैच जीतकर सेमी फाइनल मुकाबला मोकलपुर से जीत कर फाइनल में पहुंची इस फाइनल मैच के निर्णायक उषा चौधरी, संजू विश्नोई, उमेदराम बांता, मधु चौधरी रहें ।

इस टीम के कोच सुखदेव बांगड़ा व शारिरिक शि मोहन लाल मीणा, रामकंवार खंदोलिया ने अच्छी तरह टीम को तैयार किया और खिलाया टीम का इस प्रतियोगी में बहुत ही शानदार प्रदर्शन रहा ये महिला कब्बड़ी टीम नागौर जिला मुख्यालय पर जिला स्तर पर खेलने के लिए 1सितंबर को जायेगी

# केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का भाजपा कार्यालय पर किया जोरदार स्वागत





सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री भारत सरकार एवं जोधपुर लोकसभा सीट से सांसद माननीय गजेंद्र सिंह शेखावत का गुरुवार को जिला धौलपुर के विधानसभा क्षेत्र बाड़ी में आगमन पर सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा कार्यालय बसेड़ी रोड बाड़ी पर फूलों का गुलदस्ता भेंट कर साफा पहनाकर व 11 किलो की माला पहनाकर हार्दिक स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया ।माननीय केंद्रीय मंत्री शेखावत ने भारत माता की जय का नारा लगाकर सभी पदाधिकारियों ,कार्यकताओं का इस स्वागत के लिए दिल से आभार व धन्यवाद व्यक्त किया और माननीय केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आप सब नरेंद्र मोदी और मेरे परिवार के अहम सदस्य है।

भारतीय जनता पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता को समस्त जनता जनार्दन को कभी भी मेरी जरूरत पड़ेगी मैं आपके कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा माननीय केंद्रीय मंत्री महोदय ने विधानसभा क्षेत्र की उपस्थित जनता जनार्दन को अपना मोबाइल फोन हाथ में लेके 8140200200 पर मिस्ड कॉल करने के लिए तथा भाजपा की सदस्यता ज्वाइन करने के लिए कहा और कहा कि संगठन के प्रति ईमानदार होकर सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करेंगे जीत हमारी मुट्ठी में होगी माननीय केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ धौलपुर करौली लोकसभा क्षेत्र से सांसद माननीय डॉ मनोज राजोरिया, जिलाध्यक्ष भाजपा धौलपुर माननीय सत्येंद्र पाराशर साथ में उपस्थित रहे ।भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता और स्वागत समारोह के दौरान जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा विष्णु सिंघल (सनौरा वाले) जिला उपाध्यक्ष भाजपा दिनेश बागथरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष ताराचंद गोयल, मंडल अध्यक्ष बाड़ी शहर दिनेश गर्ग, विधानसभा विस्तारक गिरधारी सिंह चौधरी, मंडल अध्यक्ष कंचनपुर रामप्रसाद गोस्वामी ,मंडल अध्यक्ष बिजौली रामवीर सिंह गुर्जर, मंडल अध्यक्ष बसई नवाब विजेंद्र लोधा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गयाप्रसाद कोली, मंडल महामंत्री बसई नवाब कृष्ण गोपाल तिवारी, मंडल महामंत्री बाड़ी शहर महेश कुशवाह, किसान मोर्चा संतोष शर्मा, पूर्व प्रधान पूरन सिंह गुर्जर ,पूर्व जिला प्रमुख दुर्ग सिंह अंदाना, मंडल अध्यक्ष आंगई दशरथ सिंह परमार, रमेश कुशवाह, रविन्द्र सिंह गुर्जर ,रामदीन कुशवाह, नरेश यादव, मनोज कोली, गोपाल कोली, रामचरण कुशवाह ,भगत सिंह , पूरन सिंह, हरिओम कुमार, अरुण कुमार, फारुख, दीनदयाल गुर्जर, पीतम सिंह, गोधन सिंह, कृष्ण कुशवाह, लज्जाराम शर्मा, सोनू ठाकुर, दिनेश गुर्जर, मुरारी लाल मित्तल, रामसिंह कुशवाह, हेतसिंह लोधा, बदन सिंह, घनश्याम, मदन कोली, श्रीनिवास मित्तल, धीरसिंह जादौन, संजय मित्तल, नरेश गर्ग ,सुरेश कोली, दीनदयाल कोली ,कान्हा गुर्जर, हरिओम गोस्वामी, सुनील गर्ग, ? राकेश गर्ग, विनोद जिंदल, विजय सिंघल, भगवान दास बंसल, बल्लो, सुभाष मित्तल, मुरारी गोयल, अनिल गोयल, सोमेंद्र मंगल, भानु, संजय चिलाचौंदिया, प्रदीप बंसल, संजय परमार, रणवीर सिंह हप्पू रामदयाल जाटव ,महावीर गौर, अविनाश शर्मा, अजय सिंह परमार, महावीर फरगा वाले सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# महिला नर्स पर डिलेवरी कराने के नाम पर साढ़े 4 हजार रुपए वसूलने का लगाया आरोप





सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर,(बिन्टू कुमार)।** एक ओर जहाँ सरकार के द्वारा सरकारी अस्पताल में डिलेवरी कराने पर प्रसूताओं को अनेक लाभ व प्रोत्साहन राशी दी जाती हैं, वही गुरुवार को कस्बा स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला नर्स पर डिलेवरी कराने के नाम पर प्रसूता के परिजनों ने साढ़े 4 हजार रुपए वसूलने का आरोप लगाया है। प्रसूता की सास मुण्डावरा निवासी कमला ने बताया कि मैंने मेरी बहू अंजू देवी उम्र 22 वर्ष जिसको प्रसव होने वाला था उसको हमने गुरुवार सुबह करीब 11 बजे सीएचसी नारायणपुर में भर्ती कराया था। दोपहर करीब 12 बजकर 54 मिनट पर महिला नर्स के द्वारा मेरी बहू को प्रसव कराया गया और बेटी ने जन्म लिया। उसके बाद मेरे से महिला नर्स ने डिलेवरी कराने के नाम पर साढ़े 4 हजार रुपए ले लिए। और कहा कि बाहर किसी को मत बताना ये कहकर मुझसे रुपए ले लिए। वही पीड़ित परिवार बीपीएल परिवार से आता हैं। प्रसूता की सास कमला और ससुर हजारी सैनी ने सीएचसी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सुरेश मीणा, नारायणपुर एसडीएम, अलवर सीएमएचओ को प्रसव कराने के नाम पर रुपए लेने की लिखित शिकायत कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। पूर्व में भी ग्रामीणों द्वारा महिला नर्स की डिलेवरी कराने के नाम पर रुपए लेने की शिकायत की जा चुकी है। इधर सीएचसी प्रभारी सुरेश मीणा ने बताया कि पीड़ित द्वारा डिलेवरी कराने के नाम पर रुपए लेने की शिकायत मिली हैं। तत्काल 5 सदस्य टीम गठित कर दी गई हैं। जल्दी ही गठित टीम द्वारा जाँच रिपोर्ट आने पर उच्चाधिकारियों को भेज दिया जायेंगा। इस मामले में सरपंच मन्नी देवी ने बताया कि सरकारी अस्पताल में डिलेवरी कराने के नाम पर रुपए वसूलने का मामला गंभीर है इसको लेकर जिला कलेक्टर व अलवर सीएमएचओ को शिकायत की जाएगी।

## बाड़ी विधानसभा क्षेत्र बसपा संभावित प्रत्याशी आरिफ खांन ने किया जनसंपर्क




सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** विधानसभा क्षेत्र बाड़ी में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश सचिव एवं संभावित प्रत्याशी बाड़ी आरिफ खान ने गांव बज्जरगढ़, शाहपुर जनसंपर्क किया लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जाना कि गांव में पानी बिजली सड़क क्या स्थिति है ग्राम वासियों ने संभावित प्रत्याशी आरिफ खान को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया कि क्षेत्र में सड़क और पीने के पानी की इतनी बड़ी समस्या है कि कई किलोमीटर दूर से पीने के पानी की व्यवस्था की जाती है और सड़क का तो यह आलम है कि बारिश होने के बाद तो किसी भी रुप में घर से बाहर निकलना एवं स्कूल तक बच्चों का जाना तथा मजदूरों का मजदूरी के लिए शहर की तरफ जाना दूभर हो जाता है जा ही नहीं सकता कोई कई दिनों तक जब तक पानी सूख न जाए जिसमें किसी भी क्षेत्र की कायाकल्प की जा सकती है अगर विधायक ठान ले कि मुझको अपने क्षेत्र को चमकाना है अपने क्षेत्र में पानी बिजली सड़क शिक्षा स्वास्थ्य की व्यवस्था को उचित रूप से प्रत्येक गांव ढाणी तक पहुंचाना है 2023 में इसका जवाब देने के लिए तैयार बैठी है कि अबकी बार वह अपने ऐसे उम्मीदवार को विधायक को चुनेंगे जो साफ स्वच्छ छवि का होगा पढ़ा-लिखा ईमानदार होगा कर्मठ जुझारू होगा काम करने वाला होगा जनता के बीच में पहुंचकर उनकी समस्याओं को जानने वाला होगा जनता की आवाज परमेश्वर की आवाज होती है ऐसा आरिफ खान ने कहा एवं विधानसभा क्षेत्र बाड़ी की जनता को पूरा आश्वासन दिया है अगर उनको मौका मिला तो दिखाएंगे के विकास कैसे किया जाता है किशन सिंह अजानिया ज़िला प्रभारी धौलपुर एवं गोपाल सिंह कुशवाह, हरिप्रसाद कुशवाह, राकेश कुशवाह, ढीलाराम कुशवाह रविकुमार जाटव, मदनलाल जाटव ,गंगाराम जाटव, राजकुमार, प्रभू लाल, रमेशचन्द्र जाटव आदि गाँवों के लोग उपस्थित रहे ।

## लीली से गोवर्धन धाम के लिए आठवीं पदयात्रा रवाना




सितारा न्यूज नेटवर्क

**लक्ष्मणगढ़।** लक्ष्मणगढ़ कस्बे के समीपवर्ती लीली गांव से गुरुवार को श्री गिर्राज मित्र मंडल के तत्वाधान में गोवर्धन धाम के लिए आठवीं पैदल पदयात्रा रवाना हुई।

श्री गिर्राज मित्र मंडल के चंद्रकांत तिवाड़ी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुवार को गोवर्धन धाम के लिए आठवीं पदयात्रा रवाना हुई। पदयात्रा को पोद्दार ग्रुप आफ एजुकेशन लीली के महेंद्र पोद्दार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा में कई सैकड़ो की तादाद में महिला व पुरुष श्रद्धालु रवाना हुए। इस दौरान महेंद्र पोद्दार, हंसराज तिवाडी, मनीष तिवाडी, शेरसिंह यादव, जितेंद्र, कल्लीराम, उदय सिंह, मांगीलाल, मोतीलाल, रामबाबू, सुरेश शर्मा, अमर सिंह, विजय सिंह व प्रदीप मौजूद रहे।

## मन्दिर व घर में चोरी करने वाला गिरफ्तार



सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांता।** दांतारामगढ़ थाना 24 घंटे के भीतर ही मंदिर में चोरी के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। दांतारामगढ़ थाना अधिकारी उमराव सिंह गुर्जर ने बताया कि पुलिस ने सम्पति सम्बन्धी प्रकरणो में व फरार चल रहे अपराधीयों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है ।पुलिस ने अभियान की कार्रवाई के तहत मंदिरों व घरों में चोरी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। नानूराम धायल ने बाज्यावास में तेजाजी महाराज के मंदिर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसके बाद टीम गठीत कर सीसीटीवी फुटेज के आधर पर 24 घन्टे में चोरी करने वाले को गिरफ़्तार कर लिया है। पुलिस ने सुभाष मीणा पुत्र गोपाल मीणा उम्र 24 साल निवासी बाज्यावास को गिरफ़्तार किया है।

भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ की अहम बैठक, उतर प्रदेश की पूर्व मंत्री जायसवाल ने की शिरकत...

## मोदी सरकार ने डिजिटल इंडिया से हर राह की आसान: अनुपमा जायसवाल

### जिला संयोजक हिमांशु शर्मा ने किया जायसवाल का स्वागत, चुनावी रणनीति पर दिया विजयी मत




सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर (सुनील कुमार पाराशर)।** जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे - वैसे हर पार्टियों की चुनावी सरगर्मी तेज होती जा रही है। कहीं राजनीतिक पार्टियां सर्वे से अपनी स्थितियों का आंकलन करती नजर आ रही है, तो कहीं जिताऊ उम्मीदवार के चयन में राजनीतिक पर्यवेक्षक मैदान में दिखाई देते नजर आ रहे हैं। ऐसे में राजधानी के चौमूं विधानसभा में हाल ही में उतर प्रदेश की पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक अनुपमा जायसवाल को भी सक्रिय रूप से देखा गया। जहां वह पार्टी के अहम कार्यकताओं से राय जानने व पार्टी को मजबूत बनाते हुए राजस्थान में भाजपा की सरकार बनाने का मंत्र देती नजर आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को जयपुर जिला उत्तर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ की प्रबुद्ध जन संवाद बैठक का आयोजन किया गया। जंहा मुख्य अतिथि के रूप में उतर प्रदेश की पूर्व मंत्री अनुपमा जायसवाल ने शिरकत की तो वहीं आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हिमांशु शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की। इससे पहले हिमांशु शर्मा ने अपनी टीम के सभी चार्टेट अकाउंटेंट के साथ मिलकर जायसवाल का स्वागत करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट किया। वही बैठक के दौरान पूर्व मंत्री जायसवाल ने सभी का आभार जताते हुए पार्टी की रणनीति पर चर्चा करते हुए राजस्थान में भाजपा सरकार बनाने का मूलमंत्र दिया। वही जायसवाल ने अपने संबोधन में मोदी सरकार की 100 उपलब्धि पर चर्चा करते हुए डिजिटल इंडिया पर जोर देते हुए इसे सुगम मार्ग बताया। वही जिला संयोजक हिमांशु शर्मा ने जायसवाल को विश्वास दिलाया की मोदी सरकार की सभी जन योजनाओं व उपलब्धि को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा और भाजपा की सरकार राजस्थान में बनाने का काम किया जाएगा। इस दौरान आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजा भोज, व सी.ए. मनोज गुर्जर, पूजा मिश्रा, सुभाष यादव, सुभाष कुमावत, गजानन शर्मा, बाबुलाल यादव, मनोज कुमावत, राहुल योगी, श्रवण यादव, अर्जुन मेहता, सनत, हिमांशु अग्रवाल, मनीष गोयल, अजय शर्मा, हीरालाल सैनी, महेन्द्र सैनी, प्रतीक शर्मा, दिनेश गड़वाल सहित अन्य कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

विस चुनाव 2023 : आगाज राजनीतिक रण का...

## जिला कांग्रेस कमेटी में पहुंचे चौमूं विधानसभा से कांग्रेस का टिकट चाहने वाले 113 उम्मीदवारों के आवेदन पत्र

*चौमूं विधानसभा से कांग्रेस का टिकट चाहने वालों की लम्बी फेहरिस्त, कुल 113 उम्मीदवारों ने भरे आवेदन पत्र*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )** । विधानसभा चौमूं प्रभारी तारा बेनीवाल, ब्लॉक कोंग्रेस कमेटी अध्यक्ष चौमूं (पश्चिम) गिरिराज देवंदा एवं ब्लॉक कोंग्रेस कमेटी चौमूं (पूर्व) के अध्यक्ष लोकेश शर्मा गुरुवार कोजिला कॉग्रेस कमेटी कार्यालय जयपुर पहुंचे । जहां उन्होंने गोपाल मीणा विधायक व अध्यक्ष जयपुर जिला ग्रामीण को विधानसभा चुनाव 2023 के चुनाव के लिए जिला जयपुर ग्रामीण की चौमूं विधानसभा से कांग्रेस पार्टी का टिकट चाहने के इच्छुक 113 उम्मीदवारों से प्राप्त आवेदन पत्र सौंपे` ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चौमूं (पश्चिम ) अध्यक्ष गिरिराज देवंदा ने बताया कि चौमूं विधानसभा से कांग्रेस पार्टी का टिकट चाहने वाले 113 उम्मीदवारों से प्राप्त आवेदन पत्र जिला कांग्रेस कार्यालय कमेटी में श्री गोपाल मीणा विधायक व अध्यक्ष जयपुर जिला ग्रामीण को जमा करवा दिए गए है।

## पचार पीएचसी में कार्यरत सुरेश धायल व मदन लाल गढ़वाल ने बचाई घायल की जान

सितारा न्यूज नेटवर्क

**पचार।** कस्बे से खाटूश्यामजी जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर दो अज्ञात व्यक्ति का एक्सीडेंट कि जानकारी पचार पीएससी में कार्यरत कर्मचारियों को मिली। पचार पीएचसी में कार्यरत सुरेश धायल व मदन लाल ने सूझबूझ से उनकी जान बचाई। पचार पीएचसी में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर सुरेश कुमार धायल व सीएचओ मदन गढ़वाल अपनी ड्यूटी खत्म करके घर जा रहे थे तो रास्ते में उन्हें घायल दो व्यक्ति मिले। जिसके बाद दोनों चिकित्सा कर्मचारियों ने घायलो को मौके पर प्राथमिक उपचार किया। उपचार के बाद भी एक घायल की तबीयत ज्यादा बिगड़ने लगी जिसके बाद उन्होंने बधाल सीएचसी में जानकारी देकर एंबुलेंस में मरीजों को खाटूश्यामजी उप जिला अस्पताल में लेकर गए और उनका उपचार करवाया। पचार पीएससी में कार्यरत दोनों चिकित्सा कर्मचारीयो द्वारा किए गए इस कार्य की लोग काफी सराहना कर रहे हैं।



## कैंसर निदान मोबाइल वैन पहूंची मेडिकल कॉलेज : प्राचार्य डॉ. सोनी ने लिया जायजा




सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा अपने आवास से बीते बुधवार को बीकानेर संभाग के लिए जो मोबाइल कैंसर निदान वैन रवाना की गई वो एस.पी. मेडिकल कॉलेज पहूंच गयी है, गुरूवार सुबह प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉक्टर गुंजन सोनी ने कैंसर विभाग की टीम के साथ इस वैन का जायजा लिया । प्राचार्य डॉ. सोनी ने बताया कि यह वैन कैंसर स्क्रीनिंग में काम आएगी ये वैन एक वातानुकूलित बस है जिसमे कैंसर का प्रारंभिक अवस्था में पता लगाया जा सकेगा, यह वैन समस्त चिकित्सकीय उपकरणों से लैस है। इस वैन में ब्रैस्ट कैंसर का पता लगाने के लिये मैमोग्राफी मशीन है, फेफड़ो के कैंसर का पता लगाने के लिए डिजिटल एक्स रे मशीन है, महिलाओं में बच्चेदानी के मुँह के कैंसर का पता लगाने के लिये कॉल्पोस्कोपी है एंव गले के कैंसर की जाँच के लिये एण्डोस्कोप उपलब्ध है इसके साथ ही टेलीमेडिसिन की सुविधा भी बड़ी स्क्रीन के साथ उपलब्ध है, प्राचार्य डॉ. सोनी द्वारा कैंसर विभाग के आचार्य डॉ. शंकर लाल जाखड़ को नोड़ल ऑफिसर बनाया गया है। इस दौरान डॉ. अजय श्रीवास्तव, ईएमडी इंचार्ज डॉ. जितेन्द्र आचार्य तथा स्त्री एवं प्रसूती रोग विभाग से डॉ. श्वेता चौधरी साथ रहे।

*सेलिब्रेटी अंत्रप्रेनोर नमिता थापर ने जमकर की योजना की सराहना*

## इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना का आमजन में जबरदस्त क्रेज

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा शुरू की गई इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना को लेकर आमजन में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किये जा रहे शिविरों में पात्र लाभार्थियों को तय प्रक्रिया पूरी करने के बाद स्मार्ट फोन का वितरण किया जा रहा है। गुरुवार को सेलिब्रेटी अंत्रप्रेनोर एवं शार्क टैंक फेम नमिता थापर ने वैशाली नगर में संचालित किये जा रहे कैंप का जायजा लिया। इस दौरान सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के उपनिदेशक ऋतेश शर्मा ने नमिता थापर को शिविर स्थल पर ही स्मार्ट फोन योजना के तहत अमल में लाई जा रही संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत करवाया।



इस दौरान थापर ने ना केवल लाभार्थियों से संवाद किया बल्कि चुनिंदा लाभार्थियों को स्मार्ट फोन की सौगात भी दी।

राजस्थान सरकार की इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना की सराहना करते हुए थापर ने कहा कि सूचना क्रांति के दौर में महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह योजना ना केवल मील का पत्थर साबित होगी बल्कि दूसरे राज्यों के लिए भी मिसाल बनेगी। इस दौरान अतिरिक्त निदेशक, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग हरी मोहन गुप्ता सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### जयपुर में इन केन्द्रों पर आयोजित हो रहे हैं शिविर

| शिविर आयोजन क्षेत्र | शिविर आयोजन का स्थान |
|---|---|
| नगर निगम हैरिटेज | चौगान स्टेडियम, गणगौरी बाजार, जयपुर |
| नगर निगम हैरिटेज | सामुदायिक केन्द्र, लक्ष्मीनारायणपुरी, किशनपोल, जयपुर |
| नगर निगम हैरिटेज | महारानी कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, बनीपार्क, जयपुर |
| नगर निगम हैरिटेज | अम्बेडकर भवन, रोटरी सर्किल, ट्रांसपोर्ट नगर, जयपुर |
| नगर निगम ग्रेटर | सामुदायिक भवन, सेक्टर-3, मालवीय नगर, जयपुर |
| नगर निगम ग्रेटर | सामुदायिक भवन, हनुमान नगर विस्तार, वैशाली नगर, |

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# प्रज्ञानानंदा ने हार कर भी रचा इतिहास, कार्लसन बने वर्ल्ड चैंपियन

एजेंसी ▶▶| बाकू

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा फिडे विश्व कप शतरंज के फाइनल में क्लासिकल मुकाबले बराबरी पर रहने के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से गुरुवार को टाइब्रेक में 1.5-0.5 से हार गए। दूसरा 25 प्लस 10 टाइब्रेक मुकाबला 22 चालों के बाद ड्रॉ रहा। नॉर्वे के महान खिलाड़ी कार्लसन ने पहला मुकाबला जीतने के बाद रक्षात्मक खेल दिखाया।

कार्लसन की विश्व कप में यह पहली जीत है लेकिन वह विश्व चैंपियनशिप पांच बार जीत चुके हैं। उन्हें भारत के 18 वर्ष के प्रज्ञानानंदा से पहले टाइब्रेक मुकाबले में कड़ी चुनौती मिली और 45 चालों के बाद वह जीत सके। दूसरे मुकाबले में हालांकि उन्होंने दबदबा बनाया और आसानी से जीते। इससे पहले मंगलवार और बुधवार को दो क्लासिकल मुकाबले ड्रॉ रहे थे जिससे मुकाबला टाइब्रेक में खिंचा।

- क्लासिकल मुकाबले रहे ड्रॉ, टाइब्रेक में 1.5-0.5 से मिली हार
- युवा प्रज्ञानानंदा ने नंबर-2 नकामूरा और नंबर-3 कारूआना को हराया था




### कैंडिडेट्स 2024 में बनाई जगह

प्रज्ञानानंदा ने टूर्नामेंट में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नकामूरा और तीसरे नंबर के खिलाड़ी फेबियानो कारूआना को हराकर कार्लसन के खिलाफ फाइनल में जगह बनाई। इस टूर्नामेंट के बाद प्रज्ञानानंदा ने कैंडिडेट्स 2024 टूर्नामेंट में जगह बना ली जो कनाडा में होगा। वह बॉबी फिशर और कार्लसन के बाद इस टूर्नामेंट में जगह बनाने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।

### कोच रमेश ने कहा, अपना ध्यान खुद रखते हैं प्रज्ञानानंदा

**चेन्नई।** भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा शतरंज विश्व कप में अपने से अधिक रेटिंग के खिलाड़ियों को हराकर नई ऊंचाइयां हासिल कर रहे हैं और सबसे दिलचस्प बात यह है कि वह अपना और अपने खेल का ध्यान खुद रखते हैं। प्रज्ञानानंदा अभी अजरबैजान की राजधानी बाकू में हैं जबकि उनके निजी कोच आरबी रमेश किसी अन्य देश में हैं। प्रज्ञानानंदा का साथ देने के लिए उनकी मां नागालक्ष्मी उनके साथ है लेकिन खेल के लिए रणनीति बनाने में उनकी कोई भूमिका नहीं होती है। रमेश ने कहा,'' वह (प्रज्ञानानंदा) अधिकतर अपना ध्यान खुद रखते हैं और स्वयं रणनीति तय करते हैं। मैं उनके साथ केवल व्हाट्सएप पर चैट कर रहा हूं।'

### फिडे विश्व कप में सफर

- पहले दौर में बाय मिला
- दूसरे दौर में फ्रांस के ग्रैंडमास्टर मैक्सिम लागार्डे को 1.5-0.5 से हराया
- तीसरे दौर में चेक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर डेविड नवारा को 1.5-0.5 से हराया
- चौथे दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा को 3-1 से मात दी
- पांचवें दौर में हंगरी के फेरेंग बेरकेस को 1.5-0.5 से हराया
- छठे दौर में हमवतन अर्जुन एरिगेसी को 5-4 से हराया
- कारूआना को सेमीफाइनल में 3.5-2.5 से हराया
- विश्व कप फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने
- फाइनल का पहला मुकाबला 35 चालों के बाद ड्रॉ रहा
- दूसरा मुकाबला 30 चालों के बाद ड्रॉ रहा
- मैग्नस कार्लसन ने टाइब्रेक में प्रज्ञानानंदा को हराया

### प्रज्ञानानंदा पर देश को गर्व : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिडे विश्व कप शतरंज उपविजेता आर प्रज्ञानानंदा की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने असाधारण कौशल का प्रदर्शन करके फाइनल में मैग्नस कार्लसन जैसे दिग्गज को कड़ी टक्कर दी। प्रज्ञानानंदा बाकू में हुए फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से गुरुवार को टाइब्रेक में 1.5-0.5 से हार गए। मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'हमें फिडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रज्ञानानंदा पर गर्व है। उन्होंने असाधारण कौशल का प्रदर्शन करके मैग्नस कार्लसन जैसे दिग्गज को फाइनल में कड़ी टक्कर दी। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।



## खबर संक्षेप



### राशिद ने बहिष्कार की धमकी वापस ली

**मेलबर्न।** अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग के बहिष्कार की धमकी वापस ले ली है और खुद को इस टी20 फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट के 2023-24 सत्र के लिए उपलब्ध रखा। पिछले साल मार्च में ऑस्ट्रेलिया के अफगानिस्तान के खिलाफ तीन वनडे मैचों की श्रृंखला से हटने के फैसले के बाद राशिद ने इस साल जनवरी में बीबीएल का बहिष्कार करने की धमकी दी थी।

### मलेशिया के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी

**सलालाह।** भारतीय टीम महिला एशियाई हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर में शुक्रवार को यहां मलेशिया के खिलाफ होने वाले पहले मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। इस टूर्नामेंट का आयोजन 25 से 28 अगस्त के बीच किया जाएगा। भारत को जापान, मलेशिया और थाईलैंड के साथ एलीट पूल में रखा गया है। चैलेंजर्स पूल में हांगकांग, चीनी ताइपे, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, ईरान और ओमान को रखा गया है। अगले साल होने वाले एफआईएच हॉकी 5 विश्वकप में कुल 16 टीमें भाग लेंगी।



### चहल छोटे प्रारूप के सर्वश्रेष्ठ भारतीय स्पिनर



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने युजवेंद्र चहल को वर्तमान समय में सीमित ओवरों में देश का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर करार देते हुए कहा कि चयनकर्ताओं ने 30 अगस्त से पाकिस्तान और श्रीलंका में होने वाले एशिया कप के लिए उन्हें टीम में न चुनकर गलती की।

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप : बाधा दौड़ में कार्स्टन का दबदबा बरकरार

# वारहोम की खिताबी हैट्रिक, पोल वॉल्ट के खिलाड़ियों ने साझा किया स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट


विश्व में बाधा दौड़ के सबसे तेज धावक कार्स्टन वारहोम ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में खिताबी हैट्रिक पूरी की। पोल वॉल्ट में शीर्ष पर रहने वाले दोनों खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक साझा करके टोक्यो ओलंपिक की यादें ताजा की।

नॉर्वे के वारहोम ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 46.89 सेकंड का समय लेकर विश्व चैंपियनशिप में अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने हमेशा की तरह वाइकिंग हॉर्न बचाकर जीत का जश्न मनाया। उन्होंने ब्रिटिश वर्जिन द्वीप समूह के रजत पदक विजेता क्यारोन मैकमास्टर को तीन कदम और .45 सेकंड से पीछे छोड़ा।




### जोश केर 1500 मीटर चैंपियन

टोक्यो ओलंपिक में मुताज बार्शिम (कतर) और जियानमार्को ताम्बरी (इटली) ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक साझा करने का फैसला करके खेल भावना का परिचय दिया था जिसकी विश्व चैंपियनशिप में पुनरावृति हुई। ब्रिटेन के जोश केर ने नॉर्वे के खिताब के प्रबल दावेदार जैकब इंगेब्रिग्त्सेन को पीछे छोड़ कर पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ जीती।




### मून-नीना ने बांटा पदक




इससे पहले अमेरिका की पोल वॉल्टर्स केटी मून और ऑस्ट्रेलिया की नीना कैनेडी ने टाई ब्रेकर में कूद लगाने की बजाय स्वर्ण पदक साझा करने का फैसला किया। इन दोनों खिलाड़ियों ने 4.95 मीटर के तीन प्रयासों में असफल रहने के बाद यह फैसला किया। कैनेडी ने कहा, 'हम लंबे समय से मित्र हैं, इसलिए यह खास है।'

## 'मेसी मैजिक'

# इंटर मियामी ने एक और फाइनल में बनाई जगह




एजेंसी ▶▶| सिनसिनाटी

लियोनेल मेसी ने दो गोल करने में मदद की और बाद में पेनल्टी किक पर गोल दागा। इससे इंटर मियामी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करके मेजर सॉकर लीग में शीर्ष पर चल रहे सिनसिनाटी को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर यूएस ओपन कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया।

- मेसी ने दो गोल करने में मदद की और एक गोल भी दागा

सिनसिनाटी ने शुरू में ही 2-0 से बढ़त हासिल कर ली थी। इसके बाद मेस्सी के प्रयासों से लियोनार्डो कैम्पाना ने दो गोल दागकर इंटर मियामी को बराबरी दिलाई। मियामी ने अतिरिक्त समय के तीसरे मिनट में जोसेफ मार्टिनेज के गोल से बढ़त बनाई लेकिन सिनसिनाटी ने 114वें मिनट में युया कुबो के गोल से मैच को फिर बराबरी पर ला दिया। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जिसमें मियामी जीत दर्ज करने में सफल रहा। मियामी 27 सितंबर को होने वाले फाइनल में ह्यूस्टन डायनेमो से भिड़ेगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में रियल साल्ट लेक को 3-1 से हराया।

## 'यो-यो' परीक्षण में खरे उतरे भारतीय क्रिकेटर

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

एशिया कप 2023 से पहले भारतीय क्रिकेटरों ने गुरुवार को फिटनेस 'ड्रिल्स' का कड़ा अभ्यास किया जिसमें 'यो-यो' परीक्षण भी शामिल था। इस अभ्यास में मौजूद सभी खिलाड़ी 'यो-यो' परीक्षण में खरे उतरे। हैरानी की बात नहीं है कि विराट कोहली इसमें सबसे ज्यादा 17.2 अंक हासिल करने में सफल रहे।

यह परीक्षण छह दिवसीय अनुकूलन शिविर और कौशल निखारने के लिए लगे इस शिविर का हिस्सा है। बीसीसीआई ने फिटनेस पैरामीटर 16.5 रखा है। पता चला है कि यहां केएससीए-अलूर मैदान पर कोहली के अलावा कप्तान रोहित शर्मा और वनडे टीम के उप कप्तान हार्दिक पंड्या भी 'ड्रिल्स' में अन्य खिलाड़ियों के साथ शामिल थे और परीक्षण में सफल रहे।



### राजेश्वरी ने हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

**बाकू।** भारत की ट्रैप निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी ने आईएसएसएफ विश्व कप में गुरुवार को पांचवें स्थान पर रहकर देश को पेरिस ओलंपिक के लिये सातवां कोटा दिलाया। देश के शीर्ष खेल प्रशासकों में रहे पूर्व शॉटगन निशानेबाज रणधीर सिंह की बेटी राजेश्वरी ने दिग्गज प्रतिद्वंद्वियों के बीच फाइनल में जगह बनाई लेकिन पदक से चूक गई। वह महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली शगुन चौधरी के बाद दूसरी भारतीय बनी। फाइनल में वह 30 शॉट में 19 अंक ही हासिल कर सकी। फाइनल के बाद उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। यह अविश्वसनीय है।

## क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सात्विक-चिराग

एजेंसी ▶▶| कोपेनहेगन

भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी गुरुवार को यहां पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के एक और पदक से महज एक कदम दूर है। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रॉली कारनांडो और डेनियल मार्थिन पर तीन गेम में जीत हासिल की।

दुनिया की दूसरे नंबर की इस जोड़ी ने पिछली विश्व चैंपियनशिप में पहला कांस्य पदक जीता था। सात्विक-चिराग ने राउंड 16 मैच में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 10वीं रैंकिंग पर काबिज इंडोनेशियाई जोड़ी को एक घंटे से ज्यादा समय में 21-15, 19-21, 21-9 से पराजित किया।

इससे पहले भारतीय जोड़ी त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद महिला युगल क्वार्टर फाइनल में कड़े मुकाबले में चीन की चेन किंग चेन और जिया यि फान से हारकर बाहर हो गई। उन्हें 42 मिनट के भीतर चीनी जोड़ी ने 21-14, 21-9 से हराया। दोनों जोड़ियों के बीच यह दूसरा ही मुकाबला था।

विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप





### गुरबाज ने वनडे में ठोका 5वां शतक

**हंबनटोटा।** पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे वनडे मुकाबले में अफगानिस्तान के रहमानउल्ला गुरबाज ने धमाकेदार बैटिंग करते हुए गुरुवार को शतकीय पारी खेली। गुजबाज ने वनडे क्रिकेट में अपना पांचवां शतक लगाया। पाकिस्तान के खिलाफ इस मुकाबले में ओपनिंग करते हुए गुरबाज ने 124 गेंद में अपने 100 रन पूरे किए। अफगानिस्तान ने पांच विकेट के नुकसान पर 300 रन का स्कोर खड़ा किया है। रहमानउल्ला गुरबाज अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के स्टार ओपनर बल्लेबाज हैं।


## 16 सितंबर से बेलग्रेड में होने वाली है विश्व चैंपियनशिप

# आज से विश्व चैंपियनशिप के लिए कुश्ती के ट्रायल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युनाइटेड विश्व कुश्ती द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित किए जाने के बावजूद आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम का चयन ट्रायल 25 और 26 अगस्त को ही होगा। यूडब्लूडब्लू ने 45 दिन के भीतर चुनाव नहीं कराने के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित कर दिया जिसके मायने हैं कि भारतीय पहलवान 16 सितंबर से बेलग्रेड में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में तिरंगे तले नहीं खेल सकेंगे।

आईओए द्वारा गठित तदर्थ समिति के प्रमुख भूपेंदर सिंह बाजवा ने बताया कि ट्रायल पटियाला में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार और शनिवार को ही होंगे। उन्होंने कहा, 'ट्रायल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे।' उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि ताजा घटनाक्रम के बाद क्या नए सिरे से सूचना जारी की जाएगी।



### तदर्थ समिति पर जताई नाराजगी

*तदर्थ समिति के एक अन्य सदस्य ज्ञान सिंह ने भी पुष्टि की कि ट्रायल पटियाला में 25 और 26 अगस्त को होंगे लेकिन समिति के सदस्यों के कामकाज पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस निलंबन से बचा जा सकता था। उन्होंने कहा, 'इस तरह के मामलों में यूडब्लूडब्लू खिलाड़ियों को तटस्थ खिलाड़ियों के तौर पर ओलंपिक क्वालीफाइंग विश्व चैंपियनशिप में खेलने देता है। भारतीय दल को कुछ भी नाम दिया जा सकता है मसलन यूडब्लूडब्लू एक या दो। लेकिन उनके पदक भारत के नहीं बल्कि उनके नाम होंगे। यह दुखद है कि तदर्थ समिति के सदस्य यूडब्लूडब्लू को समझा नहीं सके कि भारत में न्यायिक प्रक्रिया दूसरी प्रक्रियाओं से अलग है।*

### विनेश अच्छी पहलवान लेकिन मैं बेहतर करूंगी

नई दिल्ली। लगातार दो अंडर-20 विश्व खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने कहा कि उनकी कोशिश सीनियर पहलवान विनेश फोगाट से बेहतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी बनने की होगी। एशियाई खेलों के लिए विनेश को सीधे प्रवेश दिए जाने के फैसले को अदालत में चुनौती देने वाली पंघाल की याचिका खारिज कर दी गई। अंत में विनेश ने घुटने की चोट के कारण एशियाई खेलों से हटने का फैसला किया। पंघाल अपनी अनुभवी साथी विनेश की उपलब्धियों से वाकिफ हैं जो एशियाई खेलों की चैंपियन हैं और कई एशियाई चैंपियनशिप पदक जीत चुकी हैं। वह एकमात्र भारतीय महिला पहलवान हैं जो दो विश्व चैंपियनशिप पदक अपने नाम कर चुकी हैं। हालांकि विनेश जिन दो ओलंपिक रियो (2016) और तोक्यो (2021) खेलों में पहुंची, उनसे खाली हाथ लौटीं।

"सितारे का साथ-आपके हाथ"
अब पढ़े = कहीं भी, कभी भी
आपका पसंदीदा समाचार पत्र
अब पढ़ सकेंगे मोबाईल और कंप्यूटर पर भी
अब अखबार ऑनलाइन वेबसाइट एवं व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध
अगर आपको आपके दैनिक अखबार "गरीबों का सितारा" की प्रति प्राप्त नहीं हो रही है तो अब आप मैसेज करके एवं ऑनलाइन माध्यम से भी अखबार पढ़ सकते हैं...
Log in करे : www.garibonkasitara.com
अखबार की पीडीएफ प्राप्त करने के लिए आज ही अपना नाम और क्षेत्र हमें मैसेज करें...
8233553666, 9782527840, 9828853546
या बार कोड स्कैन करे...
॥ सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ॥
गरीबों का सितारा
भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें...
राजेन्द्र शर्मा (प्रधान सम्पादक) Mob. 7733050125

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।


## खबर संक्षेप



### सुजलॉन समूह को इंटीग्रम एनर्जी से मिली परियोजना

**नई दिल्ली।** अक्षय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन समूह को इंटीग्रम एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर से 31.5 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है। हालांकि, कंपनी ने सौदे के मूल्य का खुलासा नहीं किया है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, 'सुजलॉन समूह इंटीग्रम एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड से 31.5 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना का ठेका मिलने की आज घोषणा करता है।' इस परियोजना के मई 2024 में शुरू होने की उम्मीद है।

### चांदी में 1400 रुपए का उछाल



**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 150 रुपये की बढ़त के साथ 59,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 59,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,400 रुपये के उछाल के साथ 76,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना तेजी के साथ 1,920 डॉलर प्रति औंस हो गया।

### रीसाइकिलकरो निकल संयंत्र पर करेगी निवेश

RECYCLEKARO .COM

**मुंबई।** लिथियम-आयन बैटरी रीसाइकिल करने वाली कंपनी रीसाइकिलकरो ने गुरुवार को कहा कि वह महाराष्ट्र में हर वर्ष 1,200 टन धातु का उत्पादन करने की क्षमता वाला निकल संयंत्र स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। रीसाइकिलकरो की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, राज्य के पालघर जिले में 17 एकड़ भूमि में इस सुविधा को स्थापित किया जाएगा।

### एमएफआई ने कर्ज देने वाले बैंकों को पछाड़ा



**मुंबई।** छोटी राशि के कर्ज बांटने वाले वित्त संस्थानों (एमएफआई) ने पिछले वित्त वर्ष में 40 प्रतिशत कर्ज वितरित करने के साथ ही इस मामले में बैंकों को पीछे छोड़ दिया। एक विश्लेषण रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। केयर रेटिंग्स ने जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि कोविड महामारी के दौरान कर्ज वितरण एवं वसूली दोनों के बुरी तरह प्रभावित होने के बाद हालात सुधरे हैं और एमएफआई ने कुल कर्ज वितरण में अपनी हिस्सेदारी बढ़ानी जारी रखी है।

### कोफोर्ज ने अपना एआई मंच 'कोफोर्ज क्वासर' किया पेश



**नई दिल्ली।** आईटी कंपनी कोफोर्ज ने उद्यम में एआई क्षमताओं के निर्माण के लिए एक जेन एआई मंच 'कोफोर्ज क्वासर' पेश किया। गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 'कोफोर्ज क्वासर' पर 100 से अधिक एपीआई (एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफसे) सेट पहले से उपलब्ध हैं।

# टीवीएस ने लांच की नई इलेक्ट्रिक स्कूटर, सिंगल चार्ज में चलेगी 140 किलोमीटर

## कीमत 2.49 लाख रुपए, डिलीवरी नंवबर से होगी शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टीवीएस मोटर ने एक नई इलेक्ट्रिक दोपहिया गाड़ी टीवीएस एक्स लांच की है। कंपनी ने इसे अरब अमीरात में एक समारोह में लांच किया। यह प्रीमियम ईवी स्कूटर कैटेगरी में लांच हुई है। इसकी कीमत 2.49 लाख रुपए रखी गई है और गुरुवार से इसकी बुकिंग शुरू हो है। कंपनी का कहना है कि इसकी डिलीवरी देश के 15 शहरों में चरणबद्ध तरीके से शुरू होगी। कंपनी इसे क्रॉसओवर मॉडल कह रही है जिसमें फीचर्स स्कूटर जैसे हैं और डिजाइन मोटरबाइक की तरह है। इसमें एक खास फीचर है जिसके तहत जो इसमें डिस्प्ले है, उसमें लाइव स्ट्रीमिंग वीडियोज, वीडियोज और गेमिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। टीवीएस मोटर की देश के ईवी सेक्टर में 20 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी है।

### लाइव लोकेशन शेयरिंग फीचर

*कंपनी का दावा है कि लाइव लोकेशन शेयरिंग फीचर के साथ आने वाला यह भारत का पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर है। टीवीएस एक्स में एल्युमिनियम फ्रेम का इस्तेमाल किया गया है और कंफर्ट राइडिंग के लिए रियर में मोनोशॉक सस्पेंसन दिया है। इसके डिजाइन की बात करें तो सामने वर्टिकल एलईडी हेडलाइट और एलईडी डीआरएल दिए गए हैं। इसके हेडलाइट के दोनों किनारों पर इंडिकेटर हैं। यह एक बार में फुल चार्ज होने पर करीब 140 किलोमीटर तक जा सकती है। इसकी बैटरी 50 मिनट में 50 फीसदी चार्ज हो जाएगी और जीरो से 80 फीसदी चार्ज करने में साढ़े चार घंटे का समय लगेगा।*



### 19 लीटर का स्टोरेज

*टीवीएस मॉडल 10.25-इंच एचडी टिल्ट स्क्रीन सेटअप के साथ आएगा, जो इलेक्ट्रिक स्कूटर की सभी फीचर्स को सपोर्ट करेगा। यह इंफोटेनमेंट सिस्टम नेविगेशन, गेम्स, म्यूजिक और अन्य समेत कई ऐप्स को संचालित करने में सक्षम होगा। सीट के नीचे का स्टोरेज 19 लीटर का है।*

### टीवीएस एक्स में कई फीचर खास

*कंपनी के दावे के मुताबिक यह 2.6 सेकंड्स में 0 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है। इसकी मैक्सिमम स्पीड 105 किमी प्रति घंटा है। इसमें 10.2 इंच का टीएफटी क्लस्टर डिस्प्ले दिया हुआ है जो नेक्स्ट-जेन टीवीएस प्लेटफॉर्म पर चलेगा। इस डिस्प्ले को इस ढंग से भी एडजस्ट किया जा सकता है कि इस पर स्वास्थ्य से जुड़े वीडियो गेमिंग, लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग और इंटरनेट ब्राउजिंग जैसे फीचर का इस्तेमाल किया जा सके।*

### एंटी थेफ्ट अलॉर्म फीचर्स

*हालांकि यह फीचर तभी काम करेगा जब बाइक की स्पीड जीरो हो। कंपनी ने लांच इवेंट के दौरान यह जानकारी दी। इसमें क्रूज कंट्रोल, रिवर्स असिस्टेंट, टीवीएस स्मार्ट कनेक्ट कनेक्टिड फीचर्स, लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग, ऑन बोर्ड गेम्स, वेब ब्राउसर, लाइव लोकेशन शेयरिंग, की-लैस, एलईडी हेडलाइट, सीक्वेंशल इंडीकेटर्स, एंटी थेफ्ट अलॉर्म जैसे फीचर्स हैं।*

## जी 20 व्यापार एवं निवेश मंत्रियों की बैठक को किया संबोधित

# बड़े, छोटे विक्रेताओं के बीच समान प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित की जाए: मोदी

एजेंसी ⏭ जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेजी से बढ़ते सीमा पार ई-वाणिज्य के समक्ष पेश होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए जी20 व्यापार मंत्रियों को बड़े तथा छोटे विक्रेताओं के बीच समान प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से काम करने का गुरुवार को सुझाव दिया। जी20 व्यापार एवं निवेश मंत्रियों की बैठक को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उचित मूल्य हासिल करने और शिकायत प्रबंधन तंत्र में उपभोक्ताओं के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान तलाशने की बात पर भी जोर दिया।

### ई-वाणिज्य में बाजार की पहुंच बढ़ानी होगी

पीएम ने कहा, डिजिटल प्रक्रियाओं और ई-वाणिज्य में बाजार की पहुंच बढ़ाने की क्षमता है। मुझे खुशी है कि आपका समूह 'व्यापार दस्तावेजों के डिजिटलीकरण के लिए उच्च स्तरीय सिद्धांतों' पर काम कर रहा है। ये सिद्धांत देशों को सीमा पार इलेक्ट्रॉनिक व्यापार उपायों को लागू करने और अनुपालन बोझ को कम करने में मदद कर सकते हैं।'

- उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान खोजने पर हो जोर
- व्यापार दस्तावेजों को तेजी से किया जाए डिजिटलीकरण
- सीमा पार बढ़ते ई-कॉमर्स से बढ़ रही चुनौतियां



### भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

मोदी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में भारत पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन गया और उसने प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाया तथा पारदर्शिता को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा, आज हम भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर वैश्विक स्तर पर आशावाद तथा विश्वास देखते हैं। भारत को खुलेपन, अवसरों और विकल्पों के संयोजन के रूप में देखा जाता है।

### एफडीआई का प्रवाह हुआ उदार

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने डिजिटलीकरण का विस्तार किया है और नवाचार को बढ़ावा दिया है। 'हम लाल फीताशाही से रेड कार्पेट की ओर बढ़े हैं। हमने एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) के प्रवाह को उदार बनाया है।' उन्होंने कहा, सबसे बढ़कर हम नीतिगत स्थिरता लाए हैं। हम अगले कुछ वर्षों में भारत को तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### भविष्य की चुनौतियों से निपटना होगा

मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं ने विश्व अर्थव्यवस्था की परीक्षा ली और जी20 के सदस्यों के रूप में यह देशों की जिम्मेदारी है कि वे अंतरराष्ट्रीय व्यापार तथा निवेश में विश्वास का पुनर्निर्माण करें। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें मजबूत और समावेशी वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएं बनानी चाहिए जो भविष्य में पेश होने वाली चुनौतियों का सामना कर सकें।

### निवेश को बढ़ावा देने पर जोर

*प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'जैसे-जैसे सीमा पार ई-वाणिज्य बढ़ रहा है, चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। हमें बड़े तथा छोटे विक्रेताओं के बीच समान प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से काम करने की जरूरत है।' जी20 समूह के व्यापार मंत्री अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य तथा निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए हैं।*

### भारत में तलाश रहे अवसर

*सरकार की पहल 'ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स' (ओएनडीसी) को बड़ा बदलाव बताते हुए मोदी ने कहा कि यह 'डिजिटल मार्केटप्लेस इको-सिस्टम' का लोकतंत्रीकरण करेगा। मोदी ने कहा कि दुनिया भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्वास भरी नजरों से देख रही है और भारत को अवसरों तथा खुलेपन का संयोजन माना जा रहा है।*

# चंद्रयान की सफलता से स्पेस शेयरों में उछाल

## सेंटम इलेक्ट्रॉनिक्स, एमटीएआर टेक में उछाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक उतरने वाले इसरो के चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान के विकास में योगदान देने वाली कई कंपनियों के शेयर बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, मुनाफावसूली के कारण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और लार्सन एंड टुब्रो सहित कुछ कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई। चंद्रयान मिशन को लेकर शेयर बाजार में भी गहमागहमी देखी गई और विमानन, अंतरिक्ष एवं रक्षा क्षेत्र से संबंधित कंपनियों के प्रति निवेशकों का उत्साह देखने को मिला। इनमें चंद्रयान-3 अभियान में 200 से भी अधिक कलपुर्जों की आपूर्ति करने वाली कंपनी सेंटम इलेक्ट्रॉनिक्स भी शामिल है।

- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स व एलएंडटी में नुकसान

सेंटम इलेक्ट्रॉनिक्स का शेयर बृहस्पिवार को 7.26 प्रतिशत की बढ़त, जबकि पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर 6.13 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। इसी तरह एमटीएआर टेक्नोलॉजीज के शेयर में 3.83 प्रतिशत और रक्षा क्षेत्र से जुड़ी कंपनी भारत फोर्ज का शेयर 0.72 प्रतिशत तक बढ़े। सेंटम इलेक्ट्रॉनिक्स का शेयर सुबह शुरुआती कारोबार में 19.69 प्रतिशत तक उछल गया था, जबकि पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर में 17.30 प्रतिशत की तेजी आई थी। मिश्र धातु निगम लिमिटेड के शेयरों में 2.54 प्रतिशत की गिरावट आई, बीएचईएल के शेयरों में 1.78 प्रतिशत, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों में 1.60 प्रतिशत, लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में 1.10 प्रतिशत और एस्ट्रा माइक्रोवेव प्रोडक्ट्स के शेयर में 0.10 प्रतिशत का नुकसान रहा।

### सेंसेक्स 181 अंक टूटा

स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले तीन दिन से जारी तेजी पर गुरुवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 181 अंक के नुकसान के साथ बंद हुआ। मुख्य रूप से सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक में बिकवाली से बाजार में गिरावट रही। निफ्टी भी 57.30 अंक गिरावट के साथ 19,386.70 अंक पर बंद हुआ।

# दूरसंचार ग्राहकों की संख्या जून में बढ़कर 117.39 करोड़

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या जून में मासिक आधार पर मामूली बढ़कर 117.39 करोड़ रही है। दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के नये ग्राहकों की संख्या में वृद्धि के साथ कुल ग्राहक बढ़े हैं। दूरसंचार नियामक ट्राई ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मोबाइल फोन उपयोग करने वाले ग्राहकों की संख्या बढ़ी है। रिलायंस जियो ने 22.7 लाख नये ग्राहक जोड़े जबकि भारत एयरटेल के ग्राहकों की संख्या में 14 लाख का इजाफा हुआ। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा, 'देश में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या इस साल जून में मासिक आधार पर 0.11 प्रतिशत बढ़कर 117.39 करोड़ पर पहुंच गयी, जो मई में 117.26 करोड़ थी।' हालांकि जो वृद्धि हुई, उसका फायदा सार्वजनिक क्षेत्र की बीएसएनएल, एमटीएनएल और निजी कंपनी वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों की संख्या में कमी की वजह से नहीं मिल सका। आंकड़ों के अनुसार, बीएसएनएल ने 18.7 लाख मोबाइल ग्राहक, वोडाफोन आइडिया ने 12.8 लाख और एमटीएनएल ने 1.53 लाख ग्राहक गंवाये।


- जियो और एयरटेल के मोबाइल ग्राहकों में वृद्धि



### ब्रांडबैंड के ग्राहक भी बढ़े

*वायरलाइन क्षेत्र में एपीएफपीएल ने 6,56,424 नये कनेक्शन जोड़े। वहीं रिलायंस जियो ने 2,08,014 कनेक्शन, भारतीय एयरटेल ने 1,34,021, वी कॉन मोबाइल एंड इंफ्रा ने 13,100, टाटा टेलीसर्विसेज ने 12,617 और क्वाड्रेन्ट ने 6,540 कनेक्शन जोड़े। ब्रॉडबैन्ड ग्राहकों की संख्या इस वर्ष जून में मासिक आधार पर 0.54 प्रतिशत बढ़कर 86.15 करोड़ हो गयी जो मई में 85.68 करोड़ थी।*

# नडाल बने इन्फोसिस के ब्रांड एम्बैसडर



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी इन्फोसिस ने दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को तीन साल के लिए अपना ब्रांड एम्बैसडर नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इन्फोसिस ने एक बयान में यह घोषणा करते हुए कहा कि नडाल उसके ब्रांड के साथ 'इन्फोसिस डिजिटल इनोवेशन' के लिए भी तीन साल तक एम्बैसडर के तौर पर जुड़े रहेंगे। यह पहला मौका है जब नडाल ने किसी डिजिटल सेवा कंपनी के साथ साझेदारी की है। इन्फोसिस ने कहा कि वह और नडाल की कोचिंग टीम एक साथ कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित मैच विश्लेषण टूल बना रही हैं। यह टूल नडाल की टीम को उनके मुकाबलों के दौरान वास्तविक समय पर ही आंकड़ों के विश्लेषण की सुविधा देगा। नडाल ने इन्फोसिस के साथ अपने जुड़ाव पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'यह कंपनी न सिर्फ टेनिस से जुड़े अनुभव को कई गुना बढ़ाने पर काम कर रही है बल्कि यह हमारे समुदायों में लोगों को एक चमकदार भविष्य का हिस्सा बनने के लिए भी सशक्त करती है।'

## बिजनेस साइट

### क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो का आज शुभारंभ

### 27 अगस्त तक चलेगा

**रायपुर।** मौका है इनवेस्ट करने का, मौका है प्रापर्टी लेने का और मौका है बचत का फायदा लेने का..। यह अवसर क्रेडाई के प्रापर्टी एक्सपो में लोगों को 25 से 27 अगस्त तक इंडोर स्टेडियम बूढ़ापारा में मिलेगा। एक ही जगह पर 250 से अधिक प्रापर्टी की जानकारी मिलना वह भी पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं व वैधानिक दस्तावेजों के साथ, शायद इससे बेहतर अवसर फिर नहीं मिलेगा। इसमें हर बजट -हर लोकेशन का प्रोजेक्ट मिलेगा। इसका उद्घाटन समारोह शुक्रवार शाम चार बजे किया जाएगा। है। इसका उद्घाटन महापौर एजाज ढेबर करेंगे। विशेष अतिथि विधायक सत्यनारायण शर्मा, कुलदीप जुनेजा, बृजमोहन अग्रवाल और विकास उपाध्याय होंगे। क्रेडाई के सभी पदाधिकारी व सदस्य, स्टॉल होल्डर्स सभी बिल्डर्स, सहयोगी प्रायोजक, बैंकिग अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। अध्यक्ष संजय रहेजा, प्रोग्राम चेयरमेन ऋभुराज अग्रवाल, को-चेयरमेन संतोष लोहाणा व सचिव पंकज लाहोटी ने बताया कि प्रापर्टी एक्सपो में कुछ नया लेकर आते हैं। इस बार भी क्रेडाई ने तीन दिन का प्रापर्टी एक्सपो आयोजित किया है। जहां 50 बिल्डर्स के प्रोजेक्ट्स की जानकारी मिलेगी।

### संबलपुर-तालचेर दोहरीकरण परियोजना पूर्ण, अधिकारियों ने लिया जायजा



**संबलपुर।** तालचेर -संबलपुर लाइन के सुपर क्रिटिकल दोहरीकरण कार्य आज पूरा हो गया है। एएम चौधरी रेलवे संरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्वी सर्कल ने संबलपुर मंडल में संबलपुर सिटी-संबलपुर खंड (6.10 किमी) के बीच दोहरीकरण और विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण किया। श्री चौधरी ने ओवरहेड उपकरणों, सिग्नल और दूरसंचार उपकरणों, रेलवे ट्रैक आदि जैसे संरक्षा संबंधी पहलुओं का जायजा लिया। इसके बाद संबलपुर सिटी -संबलपुर स्टेशनों के बीच स्पीड ट्रायल भी किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह, पूर्व तट रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) पी. श्रीनिवास और पूर्व तट रेल मुख्यालय और संबलपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा परियोजना कार्यों की समीक्षा के कारण ही सम्भव हो पाया है। महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को तालचेर और संबलपुर दोहरीकरण जैसी सुपर क्रिटिकल दोहरीकरण परियोजनाओं के साथ-साथ विभिन्न परियोजना कार्यों को तेजी से पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ओडिशा में चल रहे विभिन्न परियोजना कार्यो के साथ क्षेत्र के रेलवे ने बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रहे और नियमित रुप से निगरानी भी कर रहे हैं। तालचेर और संबलपुर दोहरीकरण कार्य क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा।

## 15 दिनों के अंदर दस रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई

# टमाटर व प्याज के बाद अब रूलाने लगी अरहर दाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में महंगाई है कि कम होने का नाम नहीं ले रही है। एक चीज सस्ती होती है तब तक दूसरे खाद्य पदार्थ महंगे हो जाते हैं। टमाटर, प्याज और हरी सब्जियों के बाद अब महंगाई के रेस में दाल का भी नाम जुड़ गया है।

पिछले 15 दिन के अंदर दाल की कीमत में 10 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे आम जनता के किचन का बजट बिगड़ गया है। सबसे ज्यादा अरहर दाल की कीमत लोगों को रूला रही है। खास बात यह है कि सबसे अधिक दलहन उत्पादित करने वाला राज्य मध्य प्रदेश भी महंगाई से अछूता नहीं है। यहां पर भी दालों की कीमत में लगातार बढ़ोतरी जारी है। यहां के नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा बेल्ट में अरहर दाल का सबसे अधिक उत्पादन होता है। इसके बावजूद भी कीमतों में बढ़ोतरी जारी है। इससे ग्राहक के साथ- साथ व्यापारी और दुकानदार भी परेशान हैं।

- दलहन उत्पादन राज्यों में हुई फसल प्रभावित



### कीमतों में आएगी नरमी

खास बात यह है कि पिछले कुछ महीनों के अंदर अरहर दाल की कीमत में 12.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, केंद्र सरकार ने महंगाई पर लगाम लगाने के लिए दालों के आयात की अनुमति दे दी है।

### इस वजह से बढ़ रही है कीमत

*इस साल नरसिंहपुर जिले के किसानों ने अरहर की जगह दूसरी फसलों की खेती की। इससे उत्पादन कम हो गया और मंडियों में अरहर दाल की आवक प्रभावित हो गई। उनका कहना है कि अभी मंडियों में 9500 से 10700 रुपए क्विंटल अरहर बिक रही है। वहीं, इसके बाद उससे दाल बनाई जाती है। ऐसे में लागत बढ़ने पर अरहर दाल की कीमत और ज्यादा बढ़ जा रही है। वहीं, अरहर के उत्पादन में कमी आने की वजह से दाल की किल्लत हो गई है। ऐसे में रेट बढ़ रहे हैं। अभी मार्केट में खड़ी अरहर का भाव 115 से 120 रुपए किलो है, जबकि, अरहर की दाल 140 से 160 रुपए किलो है। वहीं, पिछले साल इसकी कीमत 100 से 110 रुपये किलो के बीच थी।*

### मंडियों में अरहर की सप्लाई कम हो गई है

व्यापारियों का कहना है कि उत्पादन में गिरावट आने की वजह से मंडियों में अरहर की सप्लाई कम हो गई है। इससे कीमतें बढ़ती जा रही हैं। अभी थोक मार्केट में अरहर 10 हजार रुपए क्विंटल है। यानि कि एक किलो अरहर का होलसेल रेट 100 रुपए हुआ। लेकिन रिटेल मार्केट में आते- आते यह 150 से 160 रुपए किलो बिक रही है। इससे गरीब जनता की थाली से दाल गायब हो गई है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि अगले साल फरवरी से मार्केट में नई फसल आएगी। ऐसे में फरवरी से पहले तक दाल की कीमत में और बढ़ोतरी हो सकती है।

# गडकरी पूरी तरह एथनॉल से चलने वाली कार करेंगे पेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वह 29 अगस्त को पूरी तरह से एथनॉल ईंधन से चलने वाली टोयोटा की इनोवा कार पेश करेंगे। वाहन विनिर्माताओं को वैकल्पिक ईंधन से चलने वाले और हरित वाहन लाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे केंद्रीय मंत्री ने पिछले साल हाइड्रोजन से चलने वाली कार टोयोटा मिराई ईवी पेश की थी। गडकरी ने यहां मिंट सस्टेनेबिलिटी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं 29 अगस्त को 100 प्रतिशत एथनॉल से संचालित होने वाली लोकप्रिय (टोयोटा) इनोवा कार बाजार में पेश करने जा रहा हूं।' यह कार दुनिया की पहली बीएस-6 (स्टेज-2) विद्युतीकृत फ्लेक्स-ईंधन आधारित वाहन होगी। गडकरी ने कहा कि उन्होंने 2004 में देश में पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद जैव ईंधन में रुचि लेनी शुरू की। उन्होंने कहा कि जैव ईंधन चमत्कार कर सकता है और पेट्रोलियम के आयात पर खर्च होने वाली बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचा सकता है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com